मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025
संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 10 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 213 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

बेस्ट फ्रेंड करीना के पति के कारण मुश्किल में फंसी मलाइका अरोड़ा, कोर्ट ने जमानती वारंट किया ◂◂ 6

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

# युवाओं को सरकार देगी बड़ा तोहफा

## ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना का प्रस्ताव बैठक में रखा जा सकता है

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** झारखंड कैबिनेट की बैठक मंगलवार को दिन के एक बजे से प्रोजेक्ट भवन (रांची) में होगी। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जा सकते हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना का प्रस्ताव भी कैबिनेट की बैठक में रखा जा सकता है। इसके तहत झारखंड के कॉलेजों में पढ़नेवाले छात्रों को गांवों जाकर इंटर्नशिप करनी होगी।

ग्रासरूट इनोवेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करायी जाएगी इंटर्नशिपः छात्रों को झारखंड के परंपरागत नवाचार को चिह्नित करने, कृषि संबंधित क्षेत्र, कला, आहार संबंधी प्रथाएं, धातु विज्ञान



और उपकरण से संबंधित ग्रासरूट इनोवेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटर्नशिप करायी जायेगी। विद्यार्थियों को सेमेस्टर ब्रेक के दौरान राज्य की सभी 4350 पंचायतों में ग्रासरूट इनोवेशन को मैप करने के लिए इंटर्नशिप करायी जायेगी।

हर पंचायत से 4 विद्यार्थियों को मिलेगा इंटर्नशिप का मौकाः प्रत्येक पंचायत में चार विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। इसके लिए उन्हें एकेडमिक क्रेडिट भी दिया जायेगा। यह इंटर्नशिप आठ सप्ताह की होगी। इसमें राज्य के सभी निजी व सरकारी विश्वविद्यालय और उसके अंगीभूत व संबंद्ध कॉलेजों के छात्रों को इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। इस दौरान चयनित छात्रों को 10 हजार रुपये स्टाइपेंड भी मिलेगा।

**6 सप्ताह क्षेत्र का भ्रमण करना अनिवार्यः** आठ सप्ताह के इस कार्यक्रम में छात्रों को कम से कम छह सप्ताह तक क्षेत्र भ्रमण करना अनिवार्य होगा। कैबिनेट में कई अन्य प्रस्ताव भी आयेंगे। इसके लिए देर शाम तक विभाग में प्रस्ताव तैयार करने का काम चल रहा था। उद्योग विभाग की ओर से सीएम हेमंत सोरेन की स्पेन व स्वीडन यात्रा (19 से 27 अप्रैल तक) से संबंधित प्रस्ताव भी आ सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में पूंजी निवेश को लेकर अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ माइनिंग और सोलर एनर्जी के निवेशकों से मिलेंगे।

## नक्सलियों के गढ़ का खात्मा करने में जुटे सुरक्षाबल , 559 आईईडी बरामद

**संवाददाता**

**रांची :** चाईबासा जिला स्थित कोल्हान और सारंडा के जंगलों में नक्सलियों के गढ़ को ध्वस्त करने के लिए सुरक्षाबल लगातार अभियान चला रहे हैं। नक्सलियों तक सुरक्षाबल नहीं पहुंचे, इसे लेकर जंगल में नक्सलियों ने जगह जगह आईईडी लगा रखे हैं। जिले के एसपी आशुतोष शेखर और सीआरपीएफ के अधिकारियों के नेतृत्व में पिछले 39 माह के दौरान सुरक्षाबलों ने 559 आईईडी बरामद कर नष्ट कर दिया है । सुरक्षा बलों को नुकसाने पहुंचाने के उद्देश्य से सभी आईईडी लगाये गये थे। गौरतलब हैं कि आईईडी की चपेट में आने से कई ग्रामीणों और सुरक्षाबलों की मौत हो गयी है। कोल्हान और सारंडा जंगल की ओर जानेवाली पगडंडी वाले रास्तों व कच्ची सड़कों पर पारा मिलिट्री फोर्स के जवानों ने आईईडी खोजने का अभियान चला रखा हैं। सारंडा और कोल्हान इलाके में बड़े नक्सली नेता हैं सक्रिय माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, और रापा मुंडा अपने दस्ते के साथ विध्वंसक गतिविधियों के लिए सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील हैं। इनकी खोज में गोईलकेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटंबा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोंटो थाना क्षेत्र के ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है ।

## संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव परिजनों ने लगाई मदद की गुहार



**चतराः** एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सिमरिया थाना क्षेत्र के लिपदा गांव की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक महिला की पहचान सिमरिया थाना क्षेत्र निवासी सूदन पासवान की पत्नी मुखवा देवी के रूप में हुई है।

**महिला के पति ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहारः** घटना के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर छा गई। महिला के पति सूदन पासवान ने बताया कि घटना से कुछ घंटे पहले उनकी पत्नी घर से बाहर निकली थी। इसके बाद अचानक उनके शव मिलने की खबर मिली। पीड़ित पति सूदन ने पुलिस से गुहार लगाई है कि इस मामले की गहन जांच की जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उनकी पत्नी की मौत हुई है या फिर हत्या।

> **प्रथम दृष्टया यह रोड एक्सीडेंट का मामला प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा': शुभम खंडेलवाल, एसडीपीओ ।**

### मातम में बदली खुशियां

# कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर में दुल्हन सहित चार बारातियों की मौत

**हाजीपुर :** बिहार के वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। कार पर सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, बराटी थाना क्षेत्र के चकललुआ निवासी दीनानाथ कुमार की शादी के लिए कुछ लोग नवगछिया गए थे। नवगछिया में मंदिर में शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान महिसौर थाना क्षेत्र के पनसला चौक के निकट एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतकों में बिदुपुर थाना क्षेत्र के देवा चौक पानापुर कुशियारी



निवासी बबीता देवी, सोनाक्षी कुमारी एवं मोना देवी की मौत हो गई। मोना देवी आंगनबाड़ी सहायिका थी। नवविवाहिता की पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस के मुताबिक, इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ट्रक और कार की टक्कर में तीन महिलाओं और एक बच्ची की मौत हो गई। दो व्यक्ति घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। इससे पहले रविवार को बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में एक कार की दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना पटना-बक्सर एनएच 922 पर टोल प्लाजा के समीप की है। कार पर सवार सभी लोग एक दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। रोहतास जिले के विक्रमगंज थाना अंतर्गत शिवपुर हॉल्ट के कुछ लोग एक कार पर सवार होकर एक महिला का दाह संस्कार करने बक्सर मुक्तिधाम जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक में पीछे से घुस गई थी।



## ट्रिपल मर्डर से दहला फतेहपुर, किसान नेता सहित तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

**फतेहपुर :** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में मंगलवार सुबह तिहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। हथगाम थाना क्षेत्र के तहिरापुर चौराहे के पास बाइक सवार किसान नेता पप्पू सिंह (50), उनके पुत्र अभय सिंह (22) और छोटे भाई रिंकू सिंह (40) की अज्ञात हमलावरों ने ट्रैक्टर से आकर गोलियों से भूनकर हत्या कर दी।

घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि इस वारदात को गांव के ही पूर्व प्रधान मुन्नू सिंह और उनके साथियों ने अंजाम दिया। सूचना पर हथगाम, हुसेनगंज और सुल्तानपुर घोष थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मृतक पप्पू सिंह की मां रामदुलारी सिंह वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने शवों को उठाने से रोक दिया है।

ग्रामीणों की मांग है कि जब तक फरार हत्यारोपितों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक शव नहीं उठाने देंगे। पुलिस प्रशासन ग्रामीणों को समझाने में जुटा है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# यूपी में गलत हो रहा, पुलिस पर ही जुर्माना लगाना पड़ेगाः सुप्रीम कोर्ट

## सिविल विवादों को आपराधिक मामलों में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने जाहिर की नाराजगी



**नई दिल्लीः** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) संजीव खन्ना ने उत्तर प्रदेश में सिविल विवादों को आपराधिक मामलों में बदलने पर नाराजगी जाहिर की है। सीजेआई ने कहा कि यूपी में जो हो रहा है, वह गलत सरासर है। रोजाना सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। सिस्टम के रवैये पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है, इसके साथ ही कोर्ट ने आगे से जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी है। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह बेतुका है, सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं जांच अधिकारी को गवाह के कटघरे में आने को कहूंगा। उन्हें यहां खड़े होकर अपराध का मामला बनाने दें। यही सही रहेगा। आगे से इस तरह के किसी भी मामले के आने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि हम निर्देश देते हैं, उसे सबक सीखने दें, यह चार्जशीट दाखिल करने का तरीका नहीं है।

यह अजीब है कि यूपी में यह आए दिन हो रहा है, वकील भूल गए हैं कि सिविल अधिकार क्षेत्र भी है। सीजेआई ने कहा कि मैं पुलिस उप- महानिदेशक से भी इस मामले में पहल करने के लिए कहूंगा। यह गलत है। हम इस मामले को पासओवर कर रहे हैं, लेकिन अब जो भी मामला (यूपी में) आएगा, हम पुलिस पर जुमार्ना लगाएंगे। गौर हा कि सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मामलों को लेकर पिछले साल दिसंबर में कहा था कि यहां सिविल विवादों को आपराधिक मामलों के रूप में देखा जा रहा है। यह एक चिंता का विषय है। उन्होंने उस समय धोखाधड़ी और विश्वासघात के मामले पर लगी याचिका पर विचार करते हुए यह कहा था। उन्होंने कहा था कि यह गलत प्रथा है और ऐसा नहीं होना चाहिए।

## लोहरदगा के एसपी और डीसी हाई कोर्ट में हुए हाजिर, तीन साल तक चार्जशीट दाखिल नहीं होने पर हुए थे तलब

**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत में एक मामले में लोहरदगा के उपायुक्त और एसपी हाजिर हुए। अदालत ने उनके जवाब से संतुष्ट होते हुए मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को निर्धारित की है। अदालत ने इस बात से नाराजगी जताई थी कि जब किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, तो तीन साल में चार्जशीट क्यों नहीं दाखिल की गई थी। उसके बाद अदालत ने एसपी और उपायुक्त को तलब किया था। इस संबंध में लोहरदगा में संजीवनी अस्पताल चलाने वाले संजीव रेड्डी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पांडेय नीरज राय ने अदालत को बताया कि प्रार्थी का लोहरदगा में संजीवनी नाम से अस्पताल चलता है। इसमें पार्टनर से विवाद हो गया। बाद में सरकार की ओर से जांच की गई, जिसमें आयुष्मान योजना को लेकर अनियमितता की बात सामने आयी। इसके बाद सितंबर 2022 में अस्पताल को सील कर दिया गया।

प्रार्थी की ओर से अस्पताल खोलने की मांग को लेकर याचिका दाखिल की गई है। कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी को अस्पताल की दवा और उपकरण को उपयोग में लाने की अनुमति प्रदान की जाए। इसके अलावा अभी तक मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल नहीं की है। इसके बाद अदालत ने एसपी और उपायुक्त से इसके बारे में जानकारी मांगी। उनकी ओर से बताया गया कि मामले में मार्च 2025 में निचली अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। जांच अधिकारी को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद अदालत ने उनके जवाब पर संतुष्टि जताते हुए मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को निर्धारित की है।

### शिक्षक भर्ती मामले में ममता सरकार को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश किया रद्द



**नई दिल्ली :** शिक्षक भर्ती मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से दिए गए सीबीआई जांच के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सीबीआई जांच का आदेश देने से पहले हाईकोर्ट को पर्याप्त तथ्यों और ठोस आधार पर विचार करना चाहिए था, जो इस मामले में स्पष्ट रूप से नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि किसी प्रक्रिया में खामियां होना जांच का आधार नहीं बन सकता, जब तक ठोस आपराधिक साक्ष्य सामने न हों।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने 3 अप्रैल को बंगाल में सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य करार दिया था। कोर्ट ने पूरी चयन प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण और दागदार बताया था। इन कर्मचारियों का चयन 2016 में राज्य स्कूल सेवा आयोग के एक भर्ती अभियान के माध्यम से चुना गया था।

**क्या है पूरा मामला? :** वर्ष 2016 में पश्चिम बंगाल में राज्य स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित एक भर्ती प्रक्रिया के तहत 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी।बाद में इन नियुक्तियों को लेकर आरोप लगे कि बड़ी संख्या में भर्तियां घोटाले और भ्रष्टाचार के जरिए की गईं। जांच में सामने आया कि कई अपात्र अभ्यर्थियों को नौकरी दी गई, जबकि मेरिट लिस्ट में आए योग्य उम्मीदवारों को बाहर कर दिया गया। इन आरोपों पर कार्रवाई करते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को दागदार करार दिया और अप्रैल 2023 में सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

# शॉर्ट सर्किट से रामनवमी झांकी में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हजारीबागः** पूरे देश में रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बीच हजारीबाग में रामनवमी झांकी में अचानक से भीषण आग लग गई। जिससे झांकी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। इस हादसे पर अखाड़े के सदस्यों ने दुख जताया है।

घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया काबूः दरसअल रामनवमी के मौके पर हजारीबाग में एक झांकी में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। झांकी हजारीबाग जिले के बभनबय क्लब द्वारा तैयार की गई थी, जो शहर की ओर रवाना हुई थी लेकिन शहर पहुंचने से पहले ही इसमें आग लग गई। देखते ही देखते झांकी जलकर



पूरी तरह राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोग और क्लब के सदस्य आग बुझाने के प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया गया, लेकिन तब तक झांकी पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आंशकाः फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग में विभिन्न क्लबों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाती हैं। इस घटना के बाद आयोजकों और श्रद्धालुओं में मायूसी देखी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### भेलवा टुंगरी चौक का नाम शहीद बिरसा मुंडा किये जाने पर विचार विमर्श



**मुरी :** सिल्ली पिस्का मुख्य सड़क का भेलवा टुंगरी चौक का नाम शहीद बिरसा मुंडा चौक किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया लालू राम उरांव ने की। ग्रामीणों से मिलकर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी 13 अप्रैल को शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जिसमें बिरसा मुंडा के वंशजों को निमंत्रण पत्र दिया जाएगा। इसके लिए कमिटी गठित किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुखिया लालू राम उरांव, सचिव विकास मुंडा, कोषाध्यक्ष हजारी मुंडा, कार्यकारिणी सदस्य ज्योति प्रसाद साहू, अशोक चौधरी, प्रशांत बड़ाइक, दिलीप मुंडा, लखींद्र महली, ललिन मुंडा, फलाहारी मुंडा, प्रकाश मुंडा, शंकर उरांव, गुरु पद महली, फुलचांद उरांव, शिवचरण मांझी हैं।

### सिल्ली नीचे टोला कोचाकुली में मां मनसा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ-हवन



**मुरी :** सिल्ली नीचे टोला में मां मनसा देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ-हवन किया गया। जिसमें सिल्ली के स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। स्थानीय निवासी गणेश साहू ने बताया कि यह जमीन नृपेन कोइरी ने दान में काफी साल पहले दिया था जिसे स्व धासीराम साहू 1961 में ही मंदिर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। आज उनके सुपुत्र दिलीप साहू ने पुरी तरह से तैयार किया जिसकी प्राण प्रतिष्ठा हजारीबाग से आए पुरोहित शशिकांत मिश्रा एवं आचार्यो से पूजा पाठ कराया गया। जिसमें समाज के गणय माण्य लोग में अजीत साहु, राजेन्द्र साय,भेंगरा कुमार, मालाकार समेत दर्जनों महिलाओं ने इस धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया।

### मनरेगा श्रमिकों की बढ़ी मजदूरी, अब 282 रुपए मिलेगी दिहाड़ी

**रांचीः** झारखंड में केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत काम करने वाले मजदूरों की दिहाड़ी में वृद्धि की है। दिहाड़ी में 10 रुपए की वृद्धि की गई है। बढ़ी हुई मजदूरी चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए है और इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर जानकारी दी गई है।

अब इतने रूपए मिलेगी दिहाड़ी

बता दें कि वर्तमान में भारत सरकार के द्वारा मनरेगा मजदूरों को 245 रुपये प्रतिदिन की दर से मजदूरी का भुगतान किया जाता है और झारखंड की सरकार इसके अतिरिक्त 27 रुपये प्रदान करती है। ऐसे में मनरेगा श्रमिकों को दिन के कुल 272 रुपये का भुगतान किया जाता है। वहीं अब मजदूरी में 10 रूपए की बढ़ोतरी होने पर मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी 282 रुपए तक पहुँच जाएगी।

जानें क्या है मनरेगाः गौरतलब है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एक रोजगार गारंटी योजना है। 23 अगस्त, 2005 को इस योजना को पारित किया गया था। इस योजना के तहत किसी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वयस्क लोगों को हर वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देना है।

### सगाई के बाद मांगा सात लाख दहेज, आरोपियों के खिलाफ केस

**धनबाद** : पांच लाख रुपए लेकर सगाई की। निकाह से पहले सात लाख रुपए मांगने लगा। मामले में लुबी सर्कुलर रोड निवासी जाकिर खान ने बरवाअड्डा अली हसन कॉलोनी कुमीर्डीह निवासी इरफान खान उर्फ इरफान खान चौधरी, उसके भाई इमरान खान तथा रिजवान खान पर सोमवार को धनबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

जाकिर ने तीनों पर आरोप लगाया कि उन्होंने आपराधिक षड्यंत्र रचकर आरोपियों ने पांच लाख रुपए का गबन कर लिया। सभी सात लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। प्राथमिकी में जाकिर खान ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में उन्होंने अपनी साली का निकाह इरफान खान से तय किया था। उसके दोनों बड़े भाई इमरान और रिजवान से बातचीत तय हुई थी। निकाह तय होने के बाद सगाई हुई। दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना शुरू हो गया। उन्होंने दहेज के रूप में आरोपियों को बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपए दिया, लेकिन सगाई के बाद आरोपियों ने और सात लाख रुपए की मांग की। निकाह का कार्ड भी छप गया था। आरोप है कि निकाह करीब आने से कुछ दिन पूर्व इरफान और इमरान उनके सिटी सेंटर स्थित कार्यालय में आए और सात लाख रुपए की मांग की। रुपए देने से मना किया तो आरोपियों ने निकाह करने से मना कर दिया। उनके पांच लाख रुपए भी नहीं लौटा रहे हैं।

### सरायढेला में महिला पर हमला, एफआईआर दर्ज

**धनबाद :** सरायढेला कोलाकुसमा कोड़ाडीह केजी आश्रम निवासी सबिता मंडल ने हारू मंडल, उसके पुत्र कार्तिक मंडल, कार्तिक की पत्नी पिंकी देवी और सिंदरी सीमाटांड़ निवासी सपन मंडल, सपन की पत्नी ललिता मंडल, उसके पुत्र विपेन मंडल पर उस्तरा से वार कर घायल करने का आरोप लगाया है। सबिता की शिकायत पर सोमवार को आरोपियों के खिलाफ सरायढेला थाना में एफआईआर दर्ज की गई। सबिता ने बताया कि आरोपियों ने उनके किराएदार को उनके घर में घुसने नहीं दिया, जब वह पूछने गईं तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया।

### 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**रांची :** राजधानी के स्कूलों में आगामी सत्र के लिए 11वीं में दाखिले की रेस तेज हो गई है। कई स्कूलों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रोविजिनल नामांकन लिया जा रहा है तो कुछ स्कूल सीधे नामांकन ले रहे हैं। अभी विद्यार्थियों को प्रोविजिनल एडमिशन दिया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने के बाद नामांकन कंफर्म किया जाएगा। डीपीएस रांची में दो प्रवेश परीक्षा ली जा चुकी है, जिसके आधार पर नामांकन अभी लिया जा रहा है। 700 से अधिक सीटें डीपीएस में तीनों संकाय कला, विज्ञान और वाणिज्य को मिलाकर हैं।

## मुर्गी फॉर्म में लगी भीषण आग 1200 मुर्गिया जलकर खाक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो में एक किसान के मुर्गी फॉर्म में भीषण आग लगने से करीब 1200 मुर्गियां जलकर खाक हो गईं। आग के चलते किसान का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। घटना थर्मल थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर स्थित लहारिया टांड गांव की है। आग की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग लगने की सूचना गांव में जैसे ही फैलते ही अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग एक-दूसरे मदद के लिए चिल्लाने लगे। ग्रामीणों ने भीषण आग को देख बुझाने के लिए मदद का हाथ बढ़ाया और दमकल टीम को घटना के बारे में सूचना दी। मौके पर आई दमकल टीम और गांव वालों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मुर्गी फॉर्म में बंद करीब 1200 मुर्गियां जलकर खाक हो चुकी थीं। वहां रखा 15 बोरा दाना भी जलकर नष्ट हो चुका था। इन मुर्गियों और दाना के नष्ट होने से किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह की बात करें तो मुर्गी फॉर्म के संचालक बैजनाथ प्रजापति ने बताया कि अब तक नहीं समझ आया है कि आखिर आग कैसे लगी। इस बात को जांचा जा रहा है कि आखिर आग कैसे लगी।

प्रशासन भी आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। पीड़ित किसान बैजनाथ ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। गर्मी के चलते आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी देखते हुए प्रशासन और दमकल विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## जंगली हाथियों ने कई घरों को किया ध्वस्त, दहशत में ग्रामीण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मनोहरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में जंगली हाथियों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों ने आनंदपुर प्रखंड की झारबेड़ा पंचायत के कई गांवों में उत्पात मचाया और कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण दहशत में हैं। पीड़ितों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार हाथियों का झुंड रविवार की देर रात गांवों में घुस आया। हाथियों ने सूंड़ व पैरों से प्रहार कर कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलने पर आनंदपुर प्रखंड प्रमुख दिलबर खाखा ने प्रभावित गांवों में पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के आतंक से वे लोग भयभीत हैं। हाथियों को भगाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए। पीड़ितों



ने संबंधित अधिकारियों से मुआवजे की मांग की है। बताया गया कि देर रात हाथियों का झुंड बुनुमदा गांव के मानुएल कंडुलना व मांगु टोप्पो, चोडारप्पा गांव के अनिल भुईयां व बांदुनासा गांव के हेलन केरकेट्टा के घर को ध्वस्त कर दिया। सोमवार को वन विभाग की टीम गांवों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

## रंजय हत्याकांड के शूटर चंदन शर्मा का घर कुर्क करेगी पुलिस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया के रंजय सिंह की हत्या में आठ वर्षों से पुलिस के साथ आंख मिचौनी का खेल खेल रहे कथित शूटर चंदन शर्मा का घर कुर्क होगा। पुलिस इसी सप्ताह उसके पटना मसौढ़ी के नीमा गांव में स्थित पैतृक घर को कुर्क करने की तैयारी में है। कोर्ट से सरायढेला पुलिस ने कुर्की का आदेश ले लिया है। कुर्की का इश्तेहार जारी होने के बाद इसी साल 25 फरवरी को झारखंड हाईकोर्ट से उसे अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस लेनी पड़ी थी।

रंजय सिंह झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह का बेहद करीबी था। 29 जनवरी 2017 की शाम स्कूटी से सिंह मेंशन से अपने फ्लैट सरायढेला चाणक्य नगर जाने के दौरान रास्ते में उसे गोली मारी गई थी। रंजय के साथ बाइक से जा रहे राजा यादव ने शूटरों की पहचान की थी। इस कांड में 2018 में आरा से गिरफ्तार मुख्य शूटर नंद कुमार उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया था कि हत्या में दूसरा शूटर चंदन शर्मा था। उसी समय से पुलिस चंदन शर्मा को खोज रही है। नंद कुमार के बयान पर ही पुलिस ने इस कांड में हर्ष सिंह के खिलाफ चार्जशीट सौंपी थी।

सुनवाई होने वाली है पूरी, अभी तक शूटर है फरार

रंजय सिंह हत्याकांड में धनबाद सत्र न्यायालय में सुनवाई अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। जेल में बंद शूटर नंद कुमार के सफाई बयान के बाद बचाव पक्ष की ओर से गवाही होगी। इसके बाद दोनों पक्षों की बहस होगी। बहस के बाद अदालत इस कांड में अपना फैसला सुनाएगी। एक तरफ सुनवाई पूरी होने वाली है, वहीं दूसरी तरफ कांड में शूटर की भूमिका निभाने का आरोपी पुलिस पकड़ से दूर है। आठ वर्षों के लंबे अंतराल में पुलिस उसे पकड़ना तो दूर, उसके घर कुर्की जब्ती तक नहीं कर सकी।

पुलिस का दावा- रंजय मर्डर के प्रतिशोध में हुई थी नीरज की हत्या

रंजय हत्याकांड के 50 दिन बाद ही धनबाद में सबसे चर्चित हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। सरायढेला स्टीलगेट में 21 मार्च 2017 को कांग्रेस नेता और संजीव सिंह के चचेरे भाई नीरज सिंह सहित उनके तीन सहयोगियों को गोलियों से छलनी कर दिया गया था। पुलिस जांच में यह दावा किया गया था कि रंजय सिंह की हत्या के प्रतिशोध में ही नीरज सिंह की हत्या की गई। यह भी आरोप लगते रहे हैं कि पुलिस ने नीरज सिंह की हत्या में शूटरों को दबोचने में जितनी सक्रियता दिखाई, उतनी फुर्ती रंजय सिंह के मर्डर के शूटर को पकड़ने में नहीं दिखाई गई।

## अभियोजन का जवाब, कहा- सुनवाई को लटकाना चाहता है बचाव पक्ष

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या में जेल में बंद शूटर सागर सिंह उर्फ शिबू की अर्जी पर अभियोजन पक्ष ने सोमवार को अदालत में प्रति उत्तर दाखिल किया। अभियोजन ने कोर्ट को बताया कि बचाव पक्ष इस तरह की अर्जी देकर सिर्फ केस को लटकाना चाह रहा है। एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी के कोर्ट ने आवेदन पर सुनवाई की अगली तारीख आठ अप्रैल निर्धारित की है।

शिबू ने अर्जी देकर स्टेट फोरेंसिक साइंस लैब के डिप्टी डायरेक्टर आरएस सिंह और असिस्टेंट डायरेक्टर बीके ठाकुर को गवाही के लिए बुलाने की प्रार्थना की थी। तर्क दिया था कि फोरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट को चार्जशीट में साक्ष्य बना कर कोर्ट में पेश किया गया। उन साक्ष्यों को प्रमाणित करने के लिए किसी गवाह की गवाही नहीं कराई गई थी। दोनों गवाह विशेषज्ञ गवाह हैं, उनकी गवाही इस मामले में आवश्यक है। बचाव पक्ष को उन गवाहों से जिरह करने का अवसर नहीं मिलना चाहिए। अभियोजन ने अदालत में प्रति उत्तर दाखिल करते हुए कहा कि बचाव पक्ष सिर्फ मामले को लटकाना चाहता है। दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर प्रदर्श के रूप में चिह्नित करने के लिए गवाहों का उपस्थित होना आवश्यक नहीं है।

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले मंत्री संजय सेठ

## रांची में होने वाले एयर शो में शामिल होने का दिया न्योता



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री सोरेन से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक और मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में 19 एवं 20 अप्रैल को विश्व स्तरीय एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की ओर से झारखंड में पहली बार रांची में एयर शो का आयोजन हो रहा है। जानकारी के मुताबिक इसे लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले और उन्हें आमंत्रित किया।

ज्ञातव्य है कि संजय सेठ 2019 से रांची लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद हैं और इस समय नरेंद्र मोदी की सरकार में रक्षा राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस मुलाकात के बाद राज्य की सियासत तेज हो गई है।

## मैदान में खेल रहे थे बच्चे तभी अचानक बना 35 फीट गहरा गड्ढा

**हजारीबागः** जिले में एक बड़ा हादसा टल गया। यहां एक खेल के मैदान में अचानक 35 फीट गहरा गड्ढा बन गया, जिससे हड़कंप मच गया। मैदान में अचानक 35 फीट गहरा गड्ढा बन गया। घटना जिले के बड़कागांव के बादम पंचायत अंतर्गत बाबूपारा गांव की है। बताया जा रहा है कि यहां एक खेल के मैदान में बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक मैदान में 35 फीट गहरा गड्ढा बन गया। जमीन करीब 35 फीट नीचे धंस गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द कोई कार्रवाई करे और इस गड्ढे को भर दे। ग्रामीणों का कहना है कि इस मैदान में रोजाना बच्चे खेलते हैं। बड़े-बुजुर्ग दौड़ने का अभ्यास करते हैं। यह मैदान काफी भरा हुआ है और यहां ऐसी घटना हो रही है। अगर किसी की जान को खतरा होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

## पारिवारिक कलह में पति ने घर के सामने पत्नी को दफनाया

**पूर्वी सिंहभूमः** जिले से एक सनसनीखेज वारदात की खबर निकलकर सामने आ रही है। दरअसल यहां एक पति ने अपनी पत्नी का शव घर के सामने ही दफन कर दिया। वहीं इस बात की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शराब के नशे में पत्नी के साथ करता था झगड़ाः मिली जानकारी के अनुसार, घटना बोड़ाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पगदा गांव की है। आरोपी पति की पहचान 32 वर्षीय चूना सबर के रूप में हुई है। वहीं मृतक पत्नी की पहचान 30 वर्षीय मिथिला सबर के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आरोपी पति को शराब की गंदी लत थी। जिस कारण वह शराब के नशे में ही रहता था और पत्नी के साथ झगड़ा करता रहता था। वहीं इसी बात से पत्नी बहुत परेशान रहती थी। जब पुलिस द्वारा पति से पूछताछ की गई तो पति ने बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या नहीं की बल्कि उसने जहर खाकर अपनी जान दी। बताया जा रहा है मृतक महिला के 7 वर्षीय और 5 वर्षीय दो मासूम बेटे है। वहीं इस घटना से दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुट गई। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो सकेगा कि महिला को मारा गया है या आत्महत्या की।

# राज्य में तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

संवाददाता



**रांची:** मौसम विभाग की तरफ से झारखंड में बारिश को लेकर चेतावनी दी गई है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। वहीं इस दौरान मेघ गर्जन व वज्रपात तथा तेज हवाओं की भी आशंका जताई गई है।

पूरे प्रदेश में येलो अलर्टः रांची मौसम केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में अच्छा खासा पड़ने वाला है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन के एक्टिव होने से झारखंड के मौसम में बदलाव देखा जाएगा। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में पांच दिनों यानी 8 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक बारिश की संभावना जताई है। साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है। आईएमडी ने रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग,धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामतारा, पाकुड़, खूंटी, रामगढ़ जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं बारिश होने से तापमान में गिरावट आ सकती है। लोगों को गर्मी के प्रकोप से राहत मिल सकती है।

प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्कता बरतने के निर्देशः इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। जिस कारण प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को खुले स्थानों पर न जाने के लिए कहा गया है। खेतों में काम करने वालों को भी सावधान रहने की सलाह दी गई है।

# हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देवघर एयरपोर्ट के पास खुलेगा आउट पोस्ट

संवाददाता



**रांचीः** राज्य के मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का फैसला लिया गया। वहीं एक अन्य फैसले में देवघर हवाई अड्डा के पास नया पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगाई गई।

थाना बनाने में दो करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगेः गौरतलब है कि पदमा में पुलिस आउट पोस्ट काफी अर्से से कार्यरत है। बैठक में बताया गया कि पदमा ओपी का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा है। इसका सृजन बरही थाना से दूर स्थित एनएच 30 के इलाके में विधि व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए किया गया था। लेकिन, अब यह इलाका विस्तृत आबादी वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। इस इलाके में आपराधिक गतिविधियां भी उसी अनुपात में बढ़ी हैं। साथ ही सड़क हादसे में वृद्धि, बढ़ते उद्योग और उग्रवादियों की सक्रियता तथा सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने की कोशिशों के मद्देनजर पदमा ओपी को पूर्ण थाना में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया। पदमा ओपी को थाना में उत्क्रमित करने में अनुमानित दो करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगे।

देवघर हवाई अड्डा के पास खुलेगा ओपी : वहीं दूसरी ओर देवघर जिला के कुण्डा थानान्तर्गत देवघर हवाई अड्डा के कारण विमानपत्तन ओपी के सृजन का निर्णय लिया गया। इसके प्रस्ताव में गृह विभाग द्वारा बताया गया कि कुण्डा थाना से देवघर हवाई अड्डा की दूरी सात किमी. एवं मुख्यालय से 12 किमी. होने के कारण थाना का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा हो जाता है। हवाई अड्डा का इलाका दुर्गम होने के कारण कुण्डा थाना से विधि व्यवस्था के संधारण में कठिनाई होती है। वहीं पिछले कुछ दिनों में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ी हैं। इसके मद्देनजर आम लोगों की सुरक्षा के लिए उच्चस्तरीय समिति की बैठक में पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगायी गयी। इस ओपी के सृजन में लगभग चार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, राजस्व सचिव चंद्रशेखर और आइजी हेडक्वाटर्र मनोज कौशिक मौजूद थे।

## चैती दुर्गा पूजा विसर्जन शोभायात्रा के स्वागत में शिविर का आयोजन

## डोरंडा महोत्सव का क्षेत्र : रोहित शारदा



**रांचीः** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा द्वारा डोरंडा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित चैती दुर्गा पूजा विसर्जन शोभायात्रा के स्वागत में स्वागत शिविर का आयोजन किया । कार्यक्रम का आयोजन डोरंडा स्थित कार्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि डोरंडा महोत्सव का क्षेत्र है हर महोत्सव यहां बड़े धूमधाम से मनाया जाता है उसी प्रकार चैती दुर्गा पूजा के विसर्जन को भी हम महोत्सव की तरह मानते हैं और डोरंडा में विशेष रूप से चार जगह दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। चैती दुर्गा पूजा समिति डोरंडा, भवानीपुर दुर्गा पूजा, मनीटोला दुर्गा पूजा और चैतीदुर्गा पूजा कूसाई कॉलोनी में आयोजित किया जाता है और सभी का बड़े धूमधाम के साथ पगड़ी पहनाकर, आइसक्रीम खिलाकर पानी और चने के साथ सभी का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के मुख्य संरक्षक झारखंड सरकार, के प्रथम विधि मंत्री रामजीलाल शारदा , हटिया विधायक नवीन जायसवाल, संरक्षक सरदार अशोक सिंह, पुरुषोत्तम दास ,सुरेश प्रसाद, हरिप्रसाद विजयवर्गीय ,अशोक सराफ, बलबीर जैन ,राजीव केड़िया, संजय सुल्तानिया ,पीयूष विजय, मीनू डांगी ,दीपा रानी कुंज मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण महिला शाखा की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ,बिना शारदा, श्रद्धा सोनी, सिद्धि शारदा, कुहू कुमारी विशेष रूप से श्री महावीर मंडल रांची महानगर के संयोजक डॉक्टर दिलीप सोनी, बादल सिंह ,महेश सोनी , माधव नगर के संचालक लखन विजय, स्निग्ध रंजन, शैलेश सिंह, चिराग जैन सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# वित्त मंत्री से मिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**रांचीः** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके अशोकनगर स्थित आवास में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने श्री किशोर को मांग पत्र सौंपते हुए उत्तराखंड के तर्ज पर सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से सम्मान पेंशन व अन्य सुविधाएँ देने तथा झारखंड आंदोलनकारियों को स्वाभिमान के साथ जीने एवं मरने के अधिकारों की रक्षा की मांग सरकार से की।

श्री किशोर मांग पत्र के आलोक में कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को उत्तराखंड के तर्ज पर सम्मान पेंशन देने पर सरकार की ओर से जो जवाब आए हैं उसके आलोक में निश्चित है आंदोलनकारियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बिना किसी देरी किए विधानसभा के एक अधिकारी से बात करके विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 26 मार्च को सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा उठाये गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सरकार के जवाब को की जल्द भेजने का आदेश दिया । अधिकारियों ने कल पूर्वाहन मथुरा प्रसाद महतो द्वारा लाये गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सरकार के जवाब की प्रति उपलब्ध करा देने की बातें कही। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी भाइयों के प्रति सरकार संवेदनशील है माननीय मुख्यमंत्री के भी संज्ञान में बातें हैं निश्चित ही आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन देने की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। जरूरत पड़ने पर विधानसभा से अधिकारियों को भेज कर उत्तराखंड से सच्ची प्रति भी मंगवाई जा सकती है। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, केंद्रीय उपाध्यक्ष इजहार राही महानगर संयोजिका पुष्पा बरदेवा, कांग्रेस के प्रदेश सचिन जगदीश साहू सहित अन्य थे।

# व्यावसायिक संघ ने किया अस्त्र-शस्त्र चालन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन



**सोनाहातू :** व्यावसायिक संघ सोनाहातू द्वारा जिला परिषद मार्केट के समीप झांकी निकालकर अस्त्र-शास्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रामनवमी के बाद सोमवार को व्यावसायिक संघ के सदस्यों ने अस्त्र-शस्त्र चालन प्रदर्शनी को लेकर बाजार परिसर में ही अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें स्थानीय महावीर मंडल के सदस्यों के अलावा बंगाल और झारखंड के महावीर मंडल के सदस्य मौजूद रहे। आयोजन का विधि वत उद्घाटन संघ के सदस्य के साथ एसआई राकेश कुमार ने किया ।इस दौरान कई तरह के पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र चालन प्रदर्शनी किया गया। व्यवसायिक संघ के सदस्य अध्यक्ष ने धनेश कुशवाहा कहा कि इस आयोजन को आने वाले समय में वृहत रूप दिया जायेगा।मौके पर संघ के अध्यक्ष धनेश कुशवाहा, सचिव आनंद स्वर्णकार,कोशाध्यक्ष पवन जायसवाल,सहोन महतो, त्रिलोचन कोइरी, रविन्द्र कोयरी,सहित संघ के सदस्य मौजूद थे।

## पंच मंदिर, अरगोड़ा में धूमधाम से मना रामनवमी व चैत्र नवरात्र



**रांचीः** अरगोड़ा पीपर टोली तारा नगर आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर परिसर में इस वर्ष काफी उत्साह एवं धूमधाम से चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी पर्व मनाया गया। चैत्र माह के पहले मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना कर प्रधान पुजारी पंडित रवि शंकर पांडेय द्वारा किया गया। आज चैत्र माह की अंतिम मंगलवार को पंडित मणिकांत पाठक द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पहले मंगलवारी को स्थापित महावीरी झंडे को पंच मंदिर परिसर से संचालन समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप में हटाया। इन तीनों महावीरी झंडे को आने वाले अगले चैत्र माह की पहली मंगलवार को पुनः मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा। आज के इस झंडा पूजन कार्यक्रम में श्यामसुंदर सिंह, शशिभूषण प्रसाद, दीनदयाल, अमित अग्रवाल, नंदन तिवारी, अशोक साहु, बीरेंद्र साहु, मुन्ना राय के साथ ही अनेक गण मान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सीसीएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में रचा नया इतिहास

# कोयला उत्पादन और प्रेषण में गढ़े नए कीर्तिमान

### 87.5 मिलियन टन (एमटी) कोयले का उत्पादन किया, जो कि इसके स्थापना के बाद से अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है

संवाददाता




**रांचीः** सीसीएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में नया इतिहास रचते हुए अपने कोयला उत्पादन और प्रेषण में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। कंपनी ने इस वर्ष कुल 87.5 मिलियन टन (एमटी) कोयले का उत्पादन किया, जो कि इसके स्थापना के बाद से अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है। साथ ही, 85.9 मिलियन टन कोयले का प्रेषण कर सीसीएल ने एक और ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह सफलता देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में सीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन उपलब्धियों में आम्रपाली-चंद्रगुप्ता, बरकासयाल, मगध-संघमित्र, पिपरवार, उत्तर कर्णपुरा, रजरप्पा और राजहरा सहित कई प्रमुख परियोजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन क्षेत्रों ने उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता पूर्ण कोयला डिस्पैच में भी सराहनीय प्रदर्शन किया है।

**पर्यावरण-संवेदनशील खननः हरियाली और नवाचार की दिशा में अग्रसर :** सीसीएल पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खनन को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी ने झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया है, जिससे हरियाली और जैव विविधता में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से रजरप्पा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति के तहत सघन वृक्षारोपण किया गया है, जो कम समय में घने और टिकाऊ वन तैयार करने की नवीन तकनीक है। इस पहल का उद्देश्य न केवल हरित आवरण बढ़ाना है ,बल्कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण संतुलन को पुनर्स्थापित करना भी है।

सतत विकास और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भी सीसीएल ने बड़े कदम उठाए हैं। कंपनी ने इस वर्ष कुल 287.9 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया, जिससे 20,153 टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आई है। अब तक कंपनी 1.25 मेगावाट की रूफटॉप सौर क्षमता और 24 मेगावाट भूमि आधारित सौर परियोजनाएं (20 मेगावाट पिपरवार में तथा 4 मेगावाट गिरिडीह में) स्थापित कर चुकी है, जो सफलतापूर्वक कार्य कर रही है । इसके अतिरिक्त 2.05 मेगावाट रूफटॉप क्षमता की स्थापना भी वर्ष के भीतर पूरी की गई। बरकासयाल क्षेत्र में 5 मेगावाट की भूमि आधारित सौर परियोजना निर्माणाधीन है, जिसे वित्त वर्ष 2025-26 में चालू किया जाएगा। गिरिडीह क्षेत्र में 150 मेगावाट क्षमता वाली सौर परियोजना के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है, इसे वित्त वर्ष 2026-27 तक चालू करने की योजना है। कंपनी ने 2029-30 तक विद्युत खपत के संदर्भ में नेट-जीरो का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**कोयला प्रेषण में तकनीकी क्रांतिः सीएचपी परियोजनाओं से दक्षता में वृद्धि :** कोयले के प्रेषण को पर्यावरणीय रूप से अधिक स्वच्छ और यंत्रीकृत बनाने के उद्देश्य से सीसीएल विभिन्न कोल हैंडलिंग प्लांट्स (सीएचपी) की स्थापना कर रही है। इनमें कारो सीएचपी, कोनार सीएचपी, केबीपी पूणार्डीह सीएचपी निर्माणाधीन हैं, जबकि नॉर्थ उरीमारी सीएचपी पहले से ही संचालन में है। यह सभी सीएचपी क्लोज्ड-लूप, पूर्ण यंत्रीकृत प्रणालियाँ हैं, जो सड़क परिवहन को समाप्त कर कोयले के डिस्पैच में तेजी और दक्षता लाती हैं। इससे डीजल की खपत में कमी आती है और धूल व वाहन जनित प्रदूषण घटता है, जिससे क्षेत्रीय पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार होता है। यह सभी परियोजनाएं सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रही हैं, और टीम सीसीएल कोयला उत्पादन एवं प्रेषण को तकनीकी रूप से और सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

**जनस्वास्थ्य की दिशा में बड़ा कदमः सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना :** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी सीसीएल ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। कांके, रांची में 200 बिस्तरों वाला एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी एवं न्यूरोलॉजी से संबंधित) की स्थापना की जा रही है। इसके लिए सीसीएल ने बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अस्पताल झारखंड के आम नागरिकों को अत्यंत रियायती दरों पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास कोयला मंत्री किशन रेड्डी द्वारा किया किया गया है, जो सीसीएल के समवेशी विकास को और अधिक मजबूती प्रदान करता है।

**सामाजिक उत्तरदायित्वः शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य में समर्पण :** सीएसआर के तहत सीसीएल ने समाज कल्याण के लिए कई अभिनव योजनाएँ चलाई हैं। सीसीएल के लाल और सीसीएल की लाडली जैसी योजनाओं के माध्यम से कोयला क्षेत्रों के वंचित और प्रतिभाशाली बच्चों को मुफ्त आईआईटी कोचिंग, आवास, भोजन एवं स्कूली शिक्षा प्रदान की जा रही है। वर्तमान में 80 छात्र-छात्राएं इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी झारखंड सरकार के सहयोग से झारखंड स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी का संचालन कर रही है, जिसमें 11 खेल विधाओं में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अकादमी के कैडेट्स ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर राज्य और देश को गौरवान्वित किया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0-2, राँची**

**शुद्धि-पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग से समुचित संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 349639 Building (24-25).D में प्रकाशित NIQ –16/2024–25 के जगह NIQ–01/2025–26 पढ़ा जाय। निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 349849 Building (25-26)_D

e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Short Term e-Procurement Notice**
Date – 07-04-2025

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/01/2025-26 | Renovation Work for Inner Area at ACB Building Ranchi | 8908400 | 3 Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/02/2025-26 | Construction of Boundary Wall, आयुक्त कोषांग at South Chotanagpur Commissioner's Office Kutchery, Ranchi | 6058200 | 3 Month |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 15-04-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 22-04-2025 at 11.00 AM | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | | 23-04-2025 at 11.00 AM | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 7 | e-mail ID | | eebcdciv1ranchi@gmail.com | |

Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 349882 Building (25-26)_D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़ेः
अटल बिहारी वाजपेय

## चुनावी बिसात

**तमिलों** के प्रति अपना विशेष लगाव दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिल भाषा को दुनिया में ले जाने की बात उठाई। उन्होंने तमिल माध्यम से शिक्षा शिक्षा प्रदान करने की वकालत की ताकि गरीब छात्रों को भी लाभ मिल सके। तमिलनाहु में पम्बन ब्रिज के उद्घाषण भाषण में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन का नाम लिये बगैर कहा, तमिलनाडु. के नेताओं के पत्रों में हस्ताक्षर अंग्रेजी में होते हैं। मोदी ने तंज करते हुए कहा, अगर हमें तमिल पर गर्व है तो मैं अनुरोध करूंगा कि कम से कम हस्ताक्षर तो तमिल में करें। राज्य सरकार को पिछली सरकार की तुलना में अधिक धन आवंटित किये जाने पर मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को रोने की आदत होती है वे रोते रहते हैं। स्टालिन की गैरहाजरी में ही राज्य में 8300 करोड़. रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। हालांकि स्टालिन के प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल न होने को भाजपा ने प्रधानमंत्री का अपमान बताया है। कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति पर चल रही हिन्दी थोपने की बहस को लेकर मोदी ने परोक्ष में हस्ताक्षर वाली बात पर प्रहार किया। यह टिप्पणी केंद्र व तमिलनाडु. सरकार के दरम्यान चल रहे त्रिझभाषा नीति को लेकर चल रहे विवाद को तूल भी दे सकती है। अगले साल राज्य में होने वाले चुनाव से इस घटनाक्रम को जोड़क र देखा जा सकता है। भाजपा गठबंधन फिर से अन्ना द्रविड़. मुनेत्र कड़गम के साथ सरकार बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है। राज्य के चुनावी बिसात में पुराने मोहरे बिछाने की तैयारी के अतिरिक्त मोदी सरकार के पास बेहद सीमित मार्ग हैं। हालांकि मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री का इस्तकबाल कर-के बड़प्पन दिखाना शोभनीय होता। प्रधानमंत्री किसी दल का नहीं होता वे अखंड़ भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। बजरिए तमिल भाषा में दर्शाये जा रहे इस अपनापे के खोखलेपन से स्थानीय जनता अच्छी तरह वाकिफ है। बेहतर हो कि यह हस्ताक्षर वाली सलाह सभी राज्यों को दी जाती। अपनी भाषा के प्रति लगाव दशार्ने का बेहतर तरीका तो यही हो सकता है कि इस तरह के पत्र- व्यवहार को स्थानीय भाषा में किया जाए। बहुभाषी अखंड़ देश होने का ख्याल रखा जाना केंद्र के लिए अतिआवश्यक है। चुनावी सरगर्मी में हमें तमिल होने पर गर्व हो जाता है। जो मौसम बदलते ही कश्मीरी होने पर या बंगाली होने के गर्व में तब्दील होता रहता है। हालांकि देश की राजनीति ऐसे ही संवेदनशील मुद्दों के भरोसे चलती आ रही है इसमें कुछ बदलता नहीं नजर आ रहा।

## संभल कर करें इस्तेमाल

**घिबली** एप से अपनी तस्वीरों को नया कलेवर देने के लिए लोग पागल हुए जा रहे है बिना यह जाने-समझे कि इसका इस्तेमाल किस कदर खतरनाक है। आजकल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से अपनी तस्वीरों को स्टूड़ियो घिबली स्टाइल में बदलने का चलन आम जन को इस कदर अपनी आगोश में लिये हुए है कि इससे होने वाले नुकसान की चिंता किसी को रत्ती भर भी नहीं है। स्वाभाविक रूप से यह गोपनीयता के लिए गंभीर खतरा है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का भी यही मत है कि इसके इस्तेमाल में बेहद सतर्कता और समझदारी की जरूरत है। क्योंकि भले इस तरह के एप और एआई टूल्स सुरक्षित दिखें,मगर इनकी शर्तं और नियम बेहद अस्पष्ट होती हैं। एक बड़ा खतरा निजी तस्वीरों की चोरी और उसके गलत उपयोग का है। कई बार ड़ीपफेक बनाने में कई सेलेब्रिटी की तस्वीरों का उपयोग किया गया है। कई बार तो फोटो या ड़ाटा ड़ार्क वेब को बेचे भी गए हैं। दरअसल घिबली जापानी एनिमेशन की कला शैली स्टूड़ियो घिबली का ट्रेंड़ ओपन एआई के जीपीटी-40 मॉडल ह जिसमें तस्वीरों में महज आपका चेहरा ही नहीं बल्कि आपकी लोकेशन,वक्त और डिवाइस की जानकारी जैसा छिपा हुआ मेटाड़ाटा भी होता है और ये सभी निजी गोपनीय जानकारी आसानी से दे सकते हैं। हम भारतीयों में भेड़. चाल चलने की बुरी आदत घर कर चुकी है। कोई भी नई तकनीक का इस्तेमाल हम बिना उसके गुण-दोष के आधार पर नहीं करते हैं। साइबर युग में इस तरह की गलती के बेहद खतरनाक अंजाम भुगतने की आशंका बलवती होती है। पहले भी तस्वीरों का ड़ीपफेक की मदद से कितना भद्दा और गंदा मजाक किया गया। यह बताने की जरूरत नहीं है। सरकार इन सब बातों से भिज्ञ है मगर उसकी तरफ से कोई चेतावनी या निर्देश देने की पहल अब तक नहीं की गई है। होना तो यह चाहिए कि जनता को इसके बारे में सूचना और प्रसारण मंत्रालय को एक जागरूकता कैंपेन चलाना चाहिए। सोशल मीडिया के जरिये सरकारी संस्थाओं को इस तरह के एप्लीकेशन पर बराबर नजर रखने और जनता को लगातार सतर्क रहने की कवायद करते रहना होगा। छोटी सी खुशी के चक्कर में बड़ा और कभी न भूलने वाले कृत्य को लेकर जनता को भी सोचना होगा। सिर्फ भीड़ का हिस्सा बनने से बचने में ही आज के वक्त में भलाई है। यह दौर वाकई बेहद खतरनाक है।

# सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं।

**योगेंद्र योगी**

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे अध्यात्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिंदगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर यह सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है? पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारहवें मिनट में एक महिला या लडकी का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा यह भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होते हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं, उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी न किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकड़ों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग-अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी। पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे-जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा, पति-पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढकर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे, जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की। एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़े के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने यह माना है कि वो अपने पति को शारीरिक तौर पर चोट पहुंचाती हैं। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड़ने लगती हैं। जबकि पति के मामले में यह उल्टा है। पति की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती है, वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं।

आईआईपीएस की यह रिपोर्ट यह भी कहती है कि एकल परिवार में पति-पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है।

# नई टैरिफ जंग में भारत कैसे उभरेगा?

भारत ऐसे क्षेत्रों में निर्यात की संभावनाएं तलाशे जहां उसको प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल है। पारंपरिक साझेदारों से परे व्यापार का विविधीकरण हो। इस क्रम में गैर पारंपरिक बाजार जैसे लेटिन अमेरिका, अफ्रीका और ओशियानिया में निर्यात की संभावनाएं खोजना महत्त्वपूर्ण है। निर्यात संभावना वाले उत्पादों को चिह्नित करने और इन उत्पादों की अधिकतम मांग वाले देशों में निर्यात की रणनीति को बेहतर बनाने की जरूरत पर जोर दिया जाना होगा।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

दो **अप्रैल** को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा देना और व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए मित्र और विरोधी दोनों तरह के देशों पर नए पारस्परिक टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाए हैं। भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप के नए टैरिफ ऐलान से दुनिया भर के बाजारों और शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। यद्यपि भारत में सरकार ने संसद में ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत के द्वारा टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा व अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर ध्यान दिया जाना होगा। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 फीसदी रही, जो करीब 77.5 अरब डॉलर थी, निर्यात की ऐसी ऊंचाई अमेरिका को भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाती है। अतएव ट्रंप के टैरिफ से भारत के कई प्रमुख निर्यात क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। इनमें टेक्सटाइल और परिधान, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद शामिल हैं। लेकिन टैरिफ के प्रभाव से अन्य देशों की तुलना में भारत कम प्रभावित होगा। एसबीआई रिसर्च के अनुसार भारत के कुल निर्यात पर प्रभाव 3.3.5 प्रतिशत तक सीमित रह सकता है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि ट्रंप के टैरिफ जंग में भारत के लिए घरेलू मांग, घरेलू आर्थिक घटक नए व्यापार समझौते और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन व रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात कारगर हथियार दिखाई दे रहे हैं।

निःसंदेह देश में बढ़ते मध्यम वर्ग के कारण खपत भारत में दिखाई दे रही है। देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में प्रकाशित दि राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढकर वर्ष 2021 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और वर्ष 2047 तक यह संख्या बढकर 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। निश्चित रूप से भारत के मध्यम वर्ग की मुठ्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपने दिखाई दे रहे हैं, उनके कारण जहां दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। निश्चित रूप से भारत डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। अब जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू की जानी चाहिए, वहीं अब भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जिस तरह पांच साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के हथियार बन गए थे, उसी प्रकार इस समय अमेरिका के टैरिफ की मार के साथ-साथ शुल्क व गैर शुल्क बाधाओं को कम करने से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि को कम करने के मद्देनजर देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं। चूंकि इस वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न उत्पादन में कमी के आकलन प्रस्तुत हुए हैं, ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में होने वाली 3 से 3.5 फीसदी हानि की बहुत कुछ भरपाई खाद्यान्न और कृषि प्रसंस्करण के निर्यात से भी की जा सकेगी। निश्चित रूप से देश में बढ़ता खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत होती ग्रामीण आर्थिकी देश की आर्थिक शक्ति बन गई है। निःसंदेह ऐसे मजबूत आर्थिक आधार के बावजूद हमें ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के साथ वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार नीति में अनिश्चितता, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिंसों के दाम और वित्तीय बाजार में अस्थिरता तथा विदेश में व्याप्त आर्थिक निराशावाद के प्रति भी सतर्क रहना होगा। हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि खाद्य कीमतों में तेज गिरावट और कम मुख्य मुद्रास्फीति के कारण नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बनती है, किन्तु घटती महंगाई और बढ़ते खाद्य उत्पादन को देखकर सरकार को कृषि क्षेत्र में लंबे समय से पसरी हुई चुनौतियों से नजर हटाने से बचना होगा। निश्चित रूप से ट्रंप के टैरिफ से इस समय देश की आर्थिकी को होने वाले किसी भी नुकसान की भरपाई के साथ भविष्य में भी अन्य किसी भी वैश्विक आर्थिक चुनौती का मुकाबला करने के लिए सरकार के द्वारा कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ना होगा। अब नई टैरिफ चुनौतियों के बीच भारत का लक्ष्य अनिवार्य रूप से निर्यात का विस्तार पारंपरिक बाजार से बाहर बढ़ाने का होना चाहिए। भारत ऐसे क्षेत्रों में निर्यात की संभावनाएं तलाशे जहां उसको प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल है। पारंपरिक साझेदारों से परे व्यापार का विविधीकरण हो। इस क्रम में गैर पारंपरिक बाजार जैसे लेटिन अमेरिका, अफ्रीका और ओशियानिया में निर्यात की संभावनाएं खोजना महत्त्वपूर्ण है। निर्यात संभावना वाले उत्पादों को चिह्नित करने और इन उत्पादों की अधिकतम मांग वाले देशों में निर्यात की रणनीति को बेहतर बनाने की जरूरत पर जोर दिया जाना होगा। इन सबके साथ-साथ अब देश के उद्योग जगत को टैरिफ से संरक्षण के बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अनुसंधान व संसाधन विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाने की जरूरत पर ध्यान देना होगा।

## लोभ

### चिंतन-मनन

**ओशो**

प**हली** बात, लोभ से न भरो। ध्यान में लोभ को मत लाओ, नहीं तो ध्यान खो जाएगा; जो क्षणभर मिल रहा है वह भी खो जाएगा। अगर क्षण भर में मिल रहा है जो उसे भी गंवाना हो तो लोभ को ले आना। यह मैं यहां रोज देखता हूं। जब ध्यान की घटना शुरू होती है, स्वभावतः लोभ जगता है। लोभ तो पड़ा है भीतर। लोभ कोई धन का ही थोड़े होता है, ध्यान का भी होता है। लोभ तो लोभ है; किस चीज का इससे कोई संबंध नहीं है। लोभ का मतलब हैः और ज्यादा। धन हो, तो और ज्यादा। पद हो, तो और ज्यादा। प्रतिष्ठा हो, तो और ज्यादा। जो भी हो, वह और ज्यादा। यही लोभ पड़ा है तुम्हारी मटकी में। इस लोभ को बाहर विदा करो। अन्यथा जब ध्यान आएगा, यह लोभ कहेगा और ज्यादा। क्षणभर में क्या होगा! शाश्वत चाहिए॥। अब थोड़ा समझो। एक बार में एक ही क्षण तो मिलता है। अगर एक क्षण में भी शांत होना आ गया, तो और क्या चाहिए! सारा जीवन शांत हो जाएगा। एक क्षण में शांत होना आ गया, तो तुम्हारे हाथ में कला आ गई। मगर यह लोभ कहेगा कि एक क्षण की शांति से क्या होता है! एक-एक कदम चल कर आदमी हजार मील की यात्रा पूरी कर लेता है। कोई हजारों कदम एक साथ तो चल भी नहीं सकता। दो कदम भी एक साथ नहीं चल सकते। चलते तो तब हो, जब एक कदम चलते हो। एक क्षण मिलता है एक बार में। अब लोभ को मत जगाओ, नहीं तो इस क्षण को भी नष्ट कर देगा। अब तुम कहते होः क्षण भर की निर्लिप्तता स्वप्नवत है। यह तुम्हारा लोभ कह रहा है। तुम्हारी मांग पैदा होने लगी। जब ध्यान की घटनी शुरू होती है, तो पहले तो क्षण में ही घटेगी; क्षण का ही द्वार खुलेगा; क्षण के ही झरोखे से पहले झांकोगे। अब जब क्षण का झरोखा खुले, तो दो बातें संभव हैं। एक तो यह कि तुम धन्यवाद दो परमात्मा को कि हे प्रभु मैं इतना भी योग्य न था। तूने क्षण भर को खिड़की खोली, इतना भी बहुत है। मेरी पात्रता इतनी भी न थी। यह तेरे प्रसाद से ही हुआ होगा; यह तेरी अनुकंपा से हुआ होगा, क्योंकि तू रहीम है,रहमान है, इसलिए हुआ होगा। तू करुणावान है, इसलिए हुआ होगा। मेरी योग्यता से तो कुछ भी नहीं हुआ। एक तो यह भाव है। यह भक्त का भाव है। भक्त कहता है कि नहीं-नहीं मैं भरोसा नहीं कर पाता कि तू और ध्यान की झलक मुझे देगा! मैं तो पापी; मैं तो दीन-हीन। समय की मात्रा से सत्य और असत्य का कोई संबंध नहीं है।

## आपके पत्र

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणतः व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है।

व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है। इसका समाधान धार्मिक ग्रंथों में खोजा जा सकता है।

**केसी राय ,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## मारपीट को लेकर दिनों पक्ष के लोगों ने राजमहल थाना में शिकायत

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के बन्दुब्बी निवासी दीपक मंडल को जमीनी विवाद में पांच से छह लोगों ने मारपीट गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल दीपक मंडल ने बताया कि घर में जमीनी विवाद चल रहा था।हम वही आए और विकास मंडल,चेतन मंडल दुलाल मंडल सहित अन्य लोगों ने मुझे एवं मेरे पिता पप्पू मंडल को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही दूसरे पक्ष के विकाश मंडल एवं दुलाल मंडल ने भी आरोप लगाते हुए बताया कि हमलोगों को भी दीपक मंडल एवं पप्पू मंडल ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही दिनों पक्ष के लोगों ने राजमहल थाना में शिकायत हेतु आवेदन दे दिया गया है।जहां से सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## झंडा मेला के समीप शराब के नशे में महिला के साथ छेड़खानी

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा लोहंडा निवासी पुतुल देवी पति दशरथ मंडल को एक युवक ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में ही महिला अपनी शिकायत को लेकर जिरवाबाडी पुलिस के पास पहुंची। जहां पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घायल पुतुल देवी ने बताया कि रविवार की रात्रि बगल के डाक्टर के पास दवाई लेने जा रही थी। अचानक झंडा मेला के समीप शराब के नशे में सुबोध कुमार मंडल आया और छेड़खानी करने लगा विरोध किया तो मारपीट करने लगा।जिससे मेरा सर फट गया और खून बहने लगा।अगल बगल के लोगों द्वारा हमें बचाया।

## रामनवमी पूजा को लेकर रेलवे स्टेशन पर चलाया गया विशेष जांच अभियान

**साहिबगंज :** रामनवमी पूजा को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर साहिबगंज रेलथाना पुलिस द्वारा सोमवार को रेलवे स्टेशन परिसर में विशेष जांच अभियान चलाया गया है। रेलथाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन परिसर के वाहन स्टैंड आरक्षित टिकट काउंटर प्लेट समेत संदिग्ध जगहों पर छपामारी की है।थाना प्रभारी ने स्टेशन परिसर में बेवजह जमावड़ा नही लगाने की हिदायत दी है. रेलथाना प्रभारी ने बताया कि पूजा को लेकर रेलवे स्टेशन मे सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खासकर नशाखुरानी गिरोहों की सक्रियता के मद्देनजर स्टेशन में सतर्कता बरती जा रही है रेलपुलिस द्वारा नशाखुरानी गिरोह से बचने के लिए यात्रियों को जानकारी दी गई है रेलपुलिस द्वारा स्टेशन परिसर में गश्ती बढ़ा दी गई है रेल पुलिस द्वारा संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रख रही है।मौके पर कई जवान मौजूद थे।

## यात्रियों को बेहतर सुरक्षा के साथ-साथ रेलवे के सामानों की सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है : निरीक्षक



**साहिबगंज :** मालदा मंडल अंतर्गत साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट मैप बतौर पुलिस निरीक्षक मोहम्मद गुलाम सरवर ने योगदान किया जानकारी के अनुसार इसके पूर्व पुलिस निरीक्षक के पद पर क्रिस्टोफर मुर्मू का जरूरत थे जिनका स्थानांतरण मालदा मंडल के द्वारा कर दी गई है।नव पदस्थापित पुलिस निरीक्षक गुलाम सरवर बोलपुर में कार्यरत थे वही संबंध में पुलिस निरीक्षक ने बताया कि सर्वप्रथम ट्रेनों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता सूची में रहेगी साहिबगंज से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनों पर बेहतर सुरक्षा हो इसके लिए बेहतर से बेहतर काम किया जाएगा वहीं उन्होंने इस क्षेत्र में अवैध तरीके से काम करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पकड़े जाने पर बक्से नहीं जाएंगे या तो यह क्षेत्र छोड़ दे या फिर अवैध कारोबार बंद कर दे उन्होंने वैसे झट मार गिरोह को भी अपने टारगेट में रखा है बताया कि निश्चित रूप से यात्रियों को बेहतर सुरक्षा के साथ-साथ रेलवे के सामानों की सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है और निश्चित रूप से अपने जवानों और अधिकारियों के सहयोग से बेहतर से बेहतर काम करने का प्रयास करूंगा वहीं दूसरी ओर पोस्ट में कार्यरत अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों ने नवपदस्थापित पुलिस निरीक्षक का जोरदार स्वागत किया और बधाई दी।

## टोटो चालक को बच्चा चोर समझ भीड़ ने पीटा, पुलिस ने बचाई जान

**गोड्डा :** गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट में यात्रियों को लेकर आए टोटो चालक की ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझकर जमकर पिटाई कर दी। घटना रविवार देर शाम की है। बताया गया कि रामनवमी पर बिहार के बौसी से कुछ लोगों को लेकर टोटो चालक मनोज सिंह अपनी गाड़ी से छोड़ने के लिए पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के सिकटिया गांव आया हुआ था। वह यात्रियों को छोड़ वापस लौट रहा था। रास्ते में सतबंधा गांव के पास रुककर क्रिकेट मैच देखने लगा। इसी क्रम में उसने एक बच्चे से नाश्ता दुकान के बारे में पूछताछ की। बच्चे ने यह बात बड़े लोगों को जाकर बता दी। कुछ देर बाद नशे की हालत में करीब आधे दर्जन लोग आए और टोटो चालक को पीटने लगे।

किसी ने इसकी सूचना पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार को दे दी। इसके तत्काल बाद पुलिस मौके पर पहुंची और टोटो चालक को भीड़ से बचाया। मारपीट में चालक का सिर फट गया। पुलिस उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गई। टोटो चालक ने बताया कि समय पर पुलिस पहुंच गई अन्यथा उसके साथ अनहोनी हो सकती थी। पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

## रितेश महलका बने मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक

**लातेहार:** मारवाड़ी युवा मंच के रितेश महलका को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का प्रांतीय संयोजक (स्टेट कन्वेनर) बनाया गया है. उन्?हे एम्बुलेंस सेवा, शव वाहिनी सेवा और फ्रिज सेवा का प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया गया है. प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने कार्यकारिणी समिति का विस्तार करते हुए कई लोगों को अहम जिम्मेदारी सौंपी है. मारवाड़ी युवा मंच लातेहार के सचिव अनूप महलका ने बधाई देते हुए कहा कि इससे लातेहार का गौरव बढ़ा है. उन्होंने कहा कि रितेश लातेहार शाखा का गौरव राष्ट्र स्तर तक बढ़ाएंगे.

रितेश महलका ने कहा कि उन्हें प्रांतीय संयोजक के रूप में चुना जाने मे मारवाड़ी युवा मंच लातेहार का योगदान है. मंच ने उन्हें इस पद के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरित किया. उन्?होंने कहा कि उनके लिए उन्?हें साबित करने का एक अच्?छा मौका है. वे लातेहार मंच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत से कार्य करेंगे. महलका को बधाई देने वाले में प्रांतीय महामंत्री दीपक गोयनका, मंडल उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच, लातेहार के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, पवन महलका, संदीप अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, सुरजीत अग्रवाल (दीपू), गौरव महलका एवं अन्य का नाम शामिल है.

# अडाणी पावर के खिलाफ अनशन कर रहे विस्थापितों को उठा ले गई पुलिस

### जमीन के बदले स्थाई नौकरी की मांग कर रहे हैं ग्रामीण



मेट्रो रेज संवाददाता

**गोड्डा :** गोड्डा के मोतिया स्थित अडाणी पावर प्लांट के गेट पर पिछले पांच दिनों से अनशन पर बैठे विस्थापितों को पुलिस सोमवार को उठा कर ले गई। उन्हें बस में भरकर नगर थाना ले जाया गया। दोपहर बाद प्रशासनिक अमला लाव लश्कर के साथ एसडीपीओ के नेतृत्व में पहुंचा और सभी आंदोलनकारियों को जबरन दो बसों में ठूंस दिया गया। इसके बाद सभी को नगर थाना ले जाया गया। इस दौरान एक महिला अनशनकारी बस से गिरकर बेहोश हो गई। उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद आंदोलनकारी और आक्रोशित हो गए।

ज्ञात हो कि अडाणी पावर प्लांट में स्थायी नौकरी देने की मांग को लेकर करीब 150 स्थानीय जमीन दाता अनशन पर बैठे थे। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्लांट लगाने के समय कंपनी ने लिखित आश्वाशन दिया था कि जिन्हें कंपनी में नौकरी चाहिए उन्हें मुआवजा की राशि कम मिलेगी। इसके अनुसार ही उनलोगों ने नौकरी के लिए आवेदन दिया था। लेकिन अडाणी पावर के अधीन काम करने वाली ठेका कंपनी में उन्हें नौकरी दे दी गई। उक्त कंपनी उन्हें पैसा के साथ सुविधाएं भी कम दे रही है। उन्होंने बताया कि करीब दो साल तक नौकरी करने के बाद पिछले दिनों पुरानी कंपनी चली गई। अब दूसरी ठेका कंपनी में नौकरी देने की बात अडाणी प्रबंधन कर रहा है, जो उनके साथ अन्याय है।

**विधायक प्रदीप यादव व मंत्री संजय यादव ने दिया था समर्थन**

स्थानीय कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव व राज्य के मंत्री संजय यादव ने अनशन स्थल पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया था। प्रदीप यादव शुरू से ही अडाणी की कंपनी के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। वहीं, मंत्री संजय यादव ने भी आंदोलनकारियों को समर्थन देते हुए आश्वाशन दिया था कि जल्द ही समाधान करा दिया जाएगा।

**यह आंदोलन रगड़ा है : निशिकांत दुबे**

स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे ने इस पूरे प्रकरण को रगड़ा बताया। कहा कि पहले वाली कंपनी को अडाणी पावर ने ब्लैकलिस्टेड कर दिया है। इस वजह रैयतों को दूसरे कंपनी में शिफ्ट किया गया है। सिर्फ नाम बदला है सैलरी और सुविधा दोनों पहले से बढ़ जाएंगी। दुबे ने नेताओं का नाम लिए बगैर कहा कि किन माननीयों ने कितना पैसा और लाभ अडाणी पावर से लिया है उनका भी नाम सार्वजनिक होना चाहिए। जिस प्रकार जिंदल कंपनी गोड्डा से चली गई, अगर यही हाल रहा, तो अडाणी पावर भी अपना बोरिया-बिस्तरा समेटने में देर नहीं करेगा।

## स्वास्थ्य विभाग की बैठक में उपायुक्त ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पिछले एक महीने के दौरान किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिले के उधवा बोरियो और बरहेट प्रखंडों में टीकाकरण की स्थिति 90 प्रतिशत से कम पाए जाने पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि वे निर्धारित वैक्सीनेशन लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करें, ताकि आमजन को स्वास्थ्य लाभ समय पर मिल सके। जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिया कि एएनएम की नियुक्ति के लिए रोस्टर तैयार कर शीघ्र ही नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ की जाए। इसके साथ ही सहिया की नियुक्ति के लिए सचिवालय को पत्र लिखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो सहिया निष्क्रिय हैं।उन्हें हटाकर संबंधित गांवों में नई सहिया की नियुक्ति की जाएगी।इसके अतिरिक्त सहिया को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि यह राशि उनके कार्यों की मान्यता है और इसमें किसी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की ताकि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बेहतर हो सके।इस समीक्षात्मक बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, डीपीएम हीना समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य उपस्थित थे।

## स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन



मेट्रो रेज संवाददाता

**पलामू:** रामनवमी पूजा के अवसर पर सदर प्रखंड के श्रीराम सेना के अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा व पूरी कमेटी के लोगों द्वारा सुआ स्कूल परिसर में सम्मान समारोह सह भंडारा का आयोजन किया गया. इस मौके पर सुआ, कौड़िया, चियांकी पंचायत के महिला, पुरूष बच्चे रामनवमी की शोभायात्रा व अखाड़ा देखने के लिए पहुंचे थे. वहां सभी लोगों ने भांडारा का प्रसाद ग्रहण किया. इस मौके पर सम्मान समारोह में बेहतर प्रदर्शन एवं आकर्षक शोभायात्रा निकालने वाले विभिन्न पूजा कमेटियों को मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा शिल्ड, अंगवस्त्र व तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया. इसमें यंग जागृति संघ को प्रथम, सुआ टोला कमेटी को द्वितीय व चियांकी पहाड़ी राजबाबा कमेटी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि हिंदुओं का यह रामनवमी पर्व महान पर्व है. जिसमें पूरे देशवासी मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन रहते हैं. वहीं रामनवमी के साथ चैती नवरात्र में भी श्रद्धालु लीन रहते हैं. आज वर्तमान समय में हम सभी सनातनियों को मयार्दा पुरूषोत्तम राम के आदर्शों का पालन करते हुए उनके पदचिंहों पर चलने की जरूरत है. मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य बासो देवी, सुआ मुखिया दुलारी देवी, जेनरल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता व अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम में सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, सर्किल इंस्पेक्टर सह मेयर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता, मुख्य संरक्षक टाईगर कुमार, श्रीराम सेना के मुख्य संरक्षक प्रेम प्रकाश ठाकुर, हृदया सिंह, पंसस कौड़िया अजीत सिंह, अजय चौधरी, अनुप सिंह, रविंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, संजीत यादव, उपाध्याय सिंह , सुरेंद्र प्रसाद साव, राज दुलार सिंह, शंभू ठाकुर, सूर्य प्रकाश ठाकुर, रमेश चौधरी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## झंडा मेला से एक बाइक की चोरी

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के झंडा मेला काली मंदिर के समीप एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित राजमहल जामुनी घाट निवासी अश्वनी मंडल ने जिरवाबाडी को बाइक चोरी होने की शिकायत आवेदन देकर किया।बताया जा रहा हैं कि अश्वनी किसी काम से झंडा मेला समीप एक घर में आया था। घर के सामने बाइक लगाकर वह घर चला गया।कुछ देर बाद वापस आया तो देखा की बाइक नहीं है इधर-उधर खोजबीन की लेकिन बाइक नहीं मिला।जिसके पास अश्वनी ने बाइक चोरी होने की शिकायत जिरवाबाडी पुलिस से किया।

## आवास योजनाओं और स्वीकृतियों में मुखियाओं की अनुशंसा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए : मुखिया

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** सदर प्रखण्ड गंगा प्रसाद पूरब पंचायत के मुखिया संतोष कुमार गोंड ने अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।यह धरना सदर प्रखण्ड कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया।मुखिया संतोष कुमार गोंड ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार की आवास योजनाओं और स्वीकृतियों में मुखियाओं की अनुशंसा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।इसके अलावा उन्होंने पंचायत सचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में पंचायत सचिवालय में उपस्थित होकर कार्य का निष्पादन करें।मुखिया ने यह भी मांग की कि पंचायत राज व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत को सभी 14 विभागों के अधिकारों का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।उन्होंने यह भी प्रस्तावित किया कि ग्राम पंचायत के कर्मचारियों द्वारा संपादित कार्यों जियो टैग सर्वेक्षण आदि के प्रतिवेदन पर मुखिया की अनुशंसा के बाद ही प्रखंड और जिला कार्यालय को अग्रसारित किया जाए।धरने में हर प्रसाद पंचायत के कार्यभार मुखिया देवराज सिंह,गंगा प्रसाद पूरब मध्य की मुखिया कविता कुमारी,मुखिया उषा देवी,वार्ड सदस्य मो मोईन,नित्यानंद सिंह,ललन ठाकुर,लाल बाबू,गुलाम अजदानी सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्कूलों में छात्रों का नामांकन व गुणवत्तायुक्त शिक्षा जरुरी: डीसी

**लातेहार :** पंडित दीनदयाल उपाध्?याय नगर भवन में स्कूल में नए सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत नामांकन व पारगमन से संबधित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. मौके पर उपायुक्?त उत्?कर्ष गुप्?ता ने कहा कि विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्?चों का नामांकन, उनका ठहराव और उन्?हें गुणवत्तायुक्?त शिक्षा देना आवश्?यक है. उपायुक्?त ने जिला के संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन एवं पारगमन 20 अप्रैल तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

डीसी ने सभी प्रधानाध्यपक, सीआरपी, बीआरपी, बीइडी व बीपीओ को जिम्मेवारी से कार्य करने, स्कूल टैगिंग, मवि से उच्च विद्यालय, वर्गवार प्राथमिक कक्षाओ से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कर उनके ठहराव एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेवारी दी. उन्होंने सभी सीआरपी को अपने पोषक क्षेत्र के विद्यालयों में स्वयं रुचि लेते हुए शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित कराने व कक्षावार प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. कार्यशाला में यूडीआईएसई, आधार, बैंक खाता, मध्यान भोजन योजना पर भी विस्तृत चर्चा की गयी. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू समेत कई अधिकारी मौजूद थे.

## श्रद्धालुओं ने भारी मन से दी मां दुर्गा को विदाई

**गोड्डा :** गोड्डा जिले के ललमटिया में चैती दुर्गा पूजा का समापन सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर स्थानीय सरोवर में प्रतिमा का विसर्जन किया। भारी मन से मां दुर्गा को विदाई दी गई। ललमटिया के लोहंडिया बाजार व लीलातरी गांव में माता रानी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान से पूजा की गई। मंदिर में लगातार नौ दिनों तक सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता था। लोगों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

चैती दुर्गा पूजा पर लोहंडिया बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में मेला का भी आयोजन किया गया था। दशमी के दिन सोमवार को आदिवासी समुदाय के लोगों ने पारंपरिक परिधान में मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए नगाड़े की थाप पर आदिवासी नृत्य वंदना की। इसके पूर्व मंदिर में भजन टोली द्वारा नौ दिनों तक चंडी पाठ का भी आयोज न किया गया। मंदिर प्रांगण में भक्ति जागरण कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में पूजा समिति के प्रभाष यादव, इंद्रदेव यादव, लोहंडिया बाजार के अमित अवस्थी, प्रदीप गुप्ता, श्याम सुंदर तिवारी, सुजीत तिवारी, राकेश अवस्थी, कुणाल तिवारी, दिलीप भगत, पारसनाथ तिवारी, बमभोली पांडे, विद्यासागर चौबे आदि की अहम भूमिका रही।

## स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना सरकार का कर्तव्य है : भगत

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशन और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गद र्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने जानकारी दी कि पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा जिले के सुदूरवर्ती गांवों में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारियाँ दी गईं और उन्हें सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया।श्री भगत ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना सरकार का कर्तव्य है। इसी के तहत जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं।जहां आम जनता को मुफ्त चिकित्सा सेवा, परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में समय-समय पर सुविधाएं भी



बढ़ाई जा रही हैं। और चिकित्सक, नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ सहित अन्य तकनीकी कर्मियों की नियुक्ति की जा रही है।उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें विशेषकर गांठ या सूजन जैसे संकेतों को नजरअंदाज न करें। किसी भी रोग को दबाने से वह गंभीर रूप ले सकता है। समय पर इलाज और सतर्कता ही स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र है।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि नियमित व्यायाम, योग, और संतुलित आहार अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। जागरूकता ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है।

# कॅरियर माइडिया इंडिया ने रश्मिका मंदाना को माइडिया एचवीएसी का ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया



**भारतीय** एयर कंडीशनिंग उद्योग में जाने-माने नाम कैरियर माइडिया इंडिया ने एचवीएसी कैटेगरी में अपने माइडिया ब्राण्ड के लिए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। भारत में एयर कंडीशनिंग के प्रतिस्पर्धी बाजार में माइडिया एचवीएसी की स्थिति को मजबूत बनाना और मार्केटिंग के जरिए ब्राण्ड की पंहुच बढ़ाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है।

यह साझेदारी ऐसे समय में की गई है जब बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती डिस्पोजेबल आय और उर्जा दक्ष कूलिंग समाधानों पर बढ़ते फोकस के साथ भारत का एयर कंडीशनिंग सेगमेन्ट विकास के दौर से गुजर रहा है। उम्मीद है कि अगले पांच सालों में यह सेक्टर अच्छी दर से विकसित होगा, जिससे विश्वस्तरीय एवं स्वदेशी प्लेयर्स के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। माइडिया एचवीएसी जिसे आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं कूलिंग के शानदार परफोर्मेंस के लिए जाना जाता है, मार्केट में बड़ा शेयर हासिल करने के लिए तैयार है। ऐसे में रश्मिका मंदाना के साथ यह साझेदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी और ब्राण्ड को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ेगी।

इस साझेदारी पर बात करते हुए संजय महाजन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कॅरियर माइडिया इंडिया ने कहा, भारत का एयर कंडीशनिंग उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और उपभोक्ता ऐसे ब्राण्ड्स की उम्मीद रखते हैं जो न सिर्फ उनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लेकर आएं बल्कि उनके साथ भावनात्मक संबंध भी बनाएं। माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ रश्मिका मंदाना की साझेदारी हमारी स्थिति को और मजबूत बनाएगी। यह बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले स्मार्ट एवं सस्टेनेबल एयर कंडीशनिंग समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस साझेदारी के माध्यम से हमने अगले कुछ सालों में अपना मार्केट शेयर बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

रश्मिका मंदाना को उनके आकर्षक व्यक्तित्व, व्यापक अपील और दर्शकों के साथ जुड़ाव के लिए जाना जाता है, उनके मूल्य माइडिया एचवीएसी के इनोवेशन, उच्च परफोर्मेनस एवं आधुनिक जीवनशैली से मैच करते हैं। माइडिया एयर कंडीशनर्स के नए चेहरे के रूप में वे टीवी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रिंट माइडिया एवं रीटेल टचपॉइन्ट्स पर ब्राण्ड के विज्ञापनों में नजर आएंगी। इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए रश्मिका मंदाना ने कहा, माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, एक ऐसा ब्राण्ड जो सही मायनों में आज के घरों में स्मार्ट एवं प्रभावी कूलिंग का महत्व समझता है। बढ़ते तापमान और उर्जा की बढ़ती चिंता के बीच माइडिया के एयर कंडीशनर्स अपने आधुनिक तकनीक वाले समाधानों के साथ नए बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनने और इसके दृष्टिकोण को लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुँचाने को लेकर उत्साहित हूं।



## एटली के साथ अल्लू अर्जुन की नई फिल्म का एलान अभिनेता के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा

**वाइल्ड फायर** 'पुष्पराज' अब एक बार फिर सिनेमा की दुनिया में आग लगाने के लिए तैयार हैं। पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन का आज 43वां जन्मदिन है और इस खास मौके पर अभिनेता की ओर से उनके फैंस को खास तोहफा दिया गया है। अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर उनकी नई फिल्म का एलान हुआ है, जिसका निर्देशन एटली करेंगे। हालांकि, इस फिल्म की चर्चा काफी पहले से थी, लेकिन आज खास अवसर पर निमार्ताओं ने इसका आधिकारिक एलान कर दिया है।

## सोना तस्करी मामले में नहीं थम रहीं एक्ट्रेस रान्या राव की मुश्किलें, 21 अप्रैल तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



सोने की तस्करी के मामले में फंसी कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव की मुसीबतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को अदालत ने सुनवाई के दौरान रान्या की न्यायिक हिरासत को 21 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दिया। उनके अलावा, इस मामले में दो अन्य आरोपी, तरुण राज और साहिल जैन की हिरासत भी बढ़ा दी गई हैअदालत ने सोमवार को सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया कि रान्या राव की हिरासत को 21 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दिया जाए। अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए यह फैसला लिया और किसी भी आरोपी को राहत देने की कोई संभावना नहीं दिखाई। साथ ही, अदालत ने बीएनएसएस-2023 की धारा 483 के तहत तरुण राज की नियमित जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है।

अरुण राज और साहिल जैन की बढ़ाई गई हिरासतः रान्या राव के अलावा, इस मामले में अन्य आरोपी तरुण राज और साहिल जैन की हिरासत भी बढ़ा दी गई है। खबरों के मुताबिक, साहिल जैन की जमानत पर सुनवाई 9 अप्रैल को होगी, जबकि तरुण राज की नियमित जमानत याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है। उन्हें फिलहाल न्यायिक हिरासत में ही रखा जाएगा।

**क्या है सोना तस्करी का मामला? :** यह पूरा मामला 3 मार्च 2025 का है, जब कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुबई से लौटते समय गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 14 किलोग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी कुल कीमत लगभग 12.56 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह सोना तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा माना जा रहा है। रान्या पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसमें सोने की तस्करी और विदेशी तस्करी रैकेट के साथ उनके जुड़ाव की बात की जा रही है।

## साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे 'कुंडली भाग्य' फेम धीरज धूपर, कहा, यह मेरे लिए सही समय...



**टीवी** इंडस्ट्री के फेमस एक्टर धीरज धूपर जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। 'ससुराल सिमर का', 'कुंडली भाग्य' और 'रब से है दुआ' जैसे हिट शो का हिस्सा रहे धीरज अब फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, धीरज बॉलीवुड में नहीं बल्कि साउथ सिनेमा, खासकर तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरूआत करेंगे। धीरज कपूर की पहली फिल्म का नाम कलावरम है और इसके जरिए वह तेलुगू सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धीरज धूपर ने इस बात का खुलासा करते हुए कहा- टेलीविजन मेरा हमेशा से पहला प्यार रहेगा। इस माध्यम ने मुझे सफलता और पहचान दिलाई है। हालांकि, अब जब मुझे फिल्मों में काम करने का मौका मिला है, तो मैं इसे पूरी तरह से एंजॉय कर रहा हूं।

टेलीविजन और साउथ सिनेमा में काम करने की चाहतःधीरज ने बताया कि वह हमेशा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करना चाहते थे, लेकिन टेलीविजन के व्यस्त शेड्यूल के कारण वह ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, जैसा कि सभी जानते हैं, टेलीविजन में काम करना काफी डिमांडिंग होता है, जिसमें सप्ताह में छह से सात दिन शूटिंग करनी पड़ती है। इसके कारण मैं पहले साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम नहीं रख सका। लेकिन अब मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सही समय है।



## बेस्ट फ्रेंड करीना के पति के कारण मुश्किल में फंसी मलाइका अरोड़ा, कोर्ट ने जमानत वारंट किया जारी

**मुंबई** की एक अदालत ने अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट फिर से जारी किया है, क्योंकि वह 2012 में पांच सितारा होटल में एक एनआरआई व्यवसायी पर सैफ अली खान द्वारा कथित हमले से संबंधित मामले में गवाह के रूप में पेश होने में विफल रही हैं। अरोड़ा उस समूह का हिस्सा थीं जो 22 फरवरी, 2012 को कथित घटना के समय खान के साथ होटल में डिनर के लिए गए थे।

कोर्ट ने सबसे पहले 15 फरवरी को अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। सोमवार को दोबारा वारंट जारी किया गया क्योंकि वह कोर्ट में पेश नहीं हुईं। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। व्यवसायी इकबाल मीर शर्मा की शिकायत के बाद सैफ अली खान और दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में तीनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। जब झगड़ा हुआ तो होटल में अभिनेता के साथ उनकी पत्नी करीना कपूर, उनकी बहन करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा और कुछ पुरुष मित्र मौजूद थे।

पुलिस के अनुसार, जब शर्मा ने अभिनेता और उनके दोस्तों की तीखी नोकझोंक का विरोध किया, तो सैफ ने कथित तौर पर उन्हें धमकाया और बाद में शर्मा की नाक पर मुक्का मारा, जिससे उनकी नाक टूट गई। एनआरआई व्यवसायी ने सैफ और उनके दोस्तों पर अपने ससुर रमन पटेल को पीटने का भी आरोप लगाया। दूसरी ओर, सैफ ने दावा किया है कि शर्मा ने भड़काऊ बयान दिए और उनके साथ आई महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिसके कारण हंगामा हुआ। सैफ और उसके दो दोस्तों - शकील लदाक और बिलाल अमरोही - पर भारतीय दंड संहिता की धारा 325 (हमला) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

वहीं इससे पहले मलाइका अरोड़ा की बहन औा एक्ट्रेस अमृता अरोड़ा ने कोर्ट में गवाही दी थी। उन्होंने बताया कि होटल ने उनके ग्रुप को एक सेपरेट जगह मुहैया कराई थी और वो लोग वहां क्वालिटी टाइम बिता रहे थे तभी अचानक शिकायतकर्ता वहां आ पहुंचा और चिल्लाने लगा और गालियां देना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा था- उस आदमी ने हमें गालियां देनी शुरू कर दी और हमें भयंकर परिणाम भुगतने की धमकी देने लगा।

## हैरी ब्रूक इंग्लैंड की ट्वेंटी-20 और वनडे टीम के कप्तान



एजेंसी/ लंदनः जहां एक तरफ आईपीएल में दुनिया बिजी है। वहीं, दूसरी तरफ इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने अपने नए वाइट बॉल कप्तान की घोषणा कर दी। इंग्लैंड ने 26 साल के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टी-20 और वनडे का कप्तान नियुक्त किया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। हैरी ब्रूक ने कप्तान बनने के बाद कहा, मैं इंग्लैंड की सफेद गेंद की टीम का कप्तान बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

जब मैं छोटा बच्चा था और बर्ली वाफेर्डेल में क्रिकेट खेलता था, मैंने यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व करने, इंग्लैंड के लिए खेलने और शायद एक दिन टीम का नेतृत्व करने का सपना देखा था। अब मुझे वह मौका मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने आगे कहा, मैं अपने परिवार और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया है। मुझ पर उनके विश्वास ने बहुत फर्क डाला है और उनके बिना मैं इस मुकाम पर नहीं होता।

आईपीएल 2025

## आज लखनऊ से भड़ेंगे केकेआर दोपहर बाद 3:30 बजे से टक्कर





**कोलकाताः** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 80 रन की एकतरफा जीत से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स मंगलवार को यहां आईपीएल के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर गत विजेता की शानदार जीत ने न केवल उसे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया, बल्कि टीम में विश्वास भी जगा है, जो कि पहले के मैचों में नजर नहीं आ रहा था। केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है। खासकर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी ने एसआरएच को जीत से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम के खिलाफ भी दोनों फिरकी गेंदबाजों के आठ ओवर आकर्षण का केंद्र होंगे। लखनऊ की टीम बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है।

वेंकटेश अय्यर ने एसआरएच के खिलाफ 29 गेंदों पर 60 रन बनाए, जबकि अंगकृष ने 50 रन की पारी खेली, जिससे केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को आत्मविश्वास मिला। कप्तान रहाणे ने शीर्ष क्रम को संभाला, वहीं फिनिसर्स के तौर पर माने जाने वाले ङ्कषरकू सिंह से टीम को एक मजबूती प्रदान हुई है। सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन नंबर तीन और चार पर स्थिरता ने उस दबाव को कुछ हद तक कम कर दिया है। इस बीच, एलएसजी ने मुंबई के खिलाफ 12 रन की मामूली जीत दर्ज की और तालिका में छठे स्थान पर है। निकोलस पूरन 201 रन बनाकर इस सीजन में उनके सबसे लगातार बल्लेबाड्ढा बने हुए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाजी क्रम अभी तक एक साथ नहीं चल पाया है। पिछले मैच में हालांकि मिशेल मार्श के अर्द्धशतक ने हौसला बढ़ाया है, लेकिन ऋषभ पंत और डेविड मिलर का लगातार खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है।

आईपीएल 2025

## आज पंजाब के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी चेन्नई





**मोहालीः** लगातार मिली तीन हार से तिलमिलाई चेन्नई सुपर किंग्स मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी। मुंबई पर शानदार जीत के साथ आईपीएल अभियान की शुरूआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गए चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का इस्तेमाल कर चुकी है।

यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दशार्ता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र ङ्कसह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं।

न्यूज ब्रीफ



## संभल हिंसा मामले में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क से एसआईटी आज करेगी पूछताछ

**नई दिल्ली:** संभल की शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। संभल हिंसा के मामले में एसआईटी मंगलवार को सपा सांसद से पूछताछ करेगी।

दरअसल, बीते साल 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा के मामले में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को आरोपी बनाया गया है। उन पर लोगों को भड़काने का आरोप है। इसी सिलसिले में हाल ही में एसआईटी ने जियाउर्रहमान बर्क को नोटिस भेजा था, जिसमें उनसे पूछताछ की जाएगी।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बीते 26 मार्च को अपने खिलाफ जारी किए गए नोटिस पर कहा था कि मामले में उनका नाम गलत तरीके से घसीटा गया है।

बर्क ने कहा था, जब मुकदमा दर्ज हुआ और मेरा नाम गलत तरीके से इसमें शामिल किया गया, तो मैंने अखिलेश यादव के नेतृत्व में स्पीकर साहब से मुलाकात की थी। मैंने अपने साथ हुए अन्याय के बारे में चिंता जताई थी, क्योंकि मुझे सुरक्षा का अधिकार है। इस कारण हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि हमें न्याय मिले।

सांसद ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि उनका नाम अनावश्यक रूप से विवादों में घसीटा गया है और इस मामले का पूरी तरह से निष्पक्षता से समाधान होना चाहिए। बर्क ने कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर न्याय मिलने तक उनकी कानूनी लड़ाई जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 24 नवंबर को हुई हिंसा के मामले में संभल पुलिस की एक टीम बीते दिनों भारी पुलिस बल के साथ दीपा सराय स्थित समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर नोटिस देने पहुंची थी, लेकिन सपा सांसद दिल्ली में थे।

बता दें कि संभल के शाही जामा मस्जिद के सदर, जफर अली को विवादित स्थल पर पत्थरबाजी और फायरिंग के मामले में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था।

इस मामले में एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जानकारी दी कि जफर अली की गिरफ्तारी 24 नवंबर 2024 को हुई घटना से जुड़ी हुई है। जफर अली को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार किया गया है, जिनमें क्रिमिनल कांस्पिरेसी (आपराधिक साजिश) भी शामिल है। गिरफ्तारी के बाद सभी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई है और जफर अली को कोर्ट में पेश किया गया है। इसके बाद अब कोर्ट के आदेशों का पालन किया जाएगा।

## राहुल गांधी के सामने भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता, पूर्व विधायक ने पटककर पीटा, 20 मिनट में मीटिंग खत्म



**पटना:** बिहार प्रदेश कार्यालय में सोमवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। पटना के सदाकत आश्रम में राहुल गांधी जिला अध्यक्षों और नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक कर रहे थे। उसी दौरान बाहर कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के बीच तू-तू, मैं-मैं हो गई। इससे नाराज पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह बैठक के बीच से बाहर निकल गए। उनके पीछे उनका समर्थक रवि रंजन जा रहा था, तभी यूथ कांग्रेस से जुड़ा असद और पूर्व विधायक टुन्ना चोर-चोर के नारे लगाने लगे। रवि रंजन ने जब विरोध किया तो उसको दौड़ा दिया। टुन्ना ने उसे पटक दिया और लात-घूंसे से पीटने लगे। बीच में अखिलेश सिंह ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया। बाहर हंगामा होता देख राहुल गांधी ने अपनी बैठक को 20 मिनट में ही खत्म कर दिया और एयरपोर्ट के लिए निकल गए। वहीं राहुल गांधी ने मीटिंग में कार्यकताओं से कहा कि अगर चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करना है तो सभी कार्यकर्ताओं को मजबूती से तैयारी करनी होगी। सभी जाति और धर्म के लोगों के साथ समन्वय बनाकर चलना है। प्रदेश के हर घटना पर कांग्रेस को मुद्दा बनाकर प्रदर्शन करना है। बूथ लेवल पर एक्टिव रहना होगा। जो लोग काम नहीं करेंगे, उनकी पार्टी में कोई जगह नहीं होगी।

## पंजाब में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर पर हमला ई-रिक्शा से आए युवकों ने फेंका हैंड-ग्रेनेड, बाल-बाल बचे



**जालंधर :** पंजाब में सोमवार देर रात एक सनसनीखेज आतंकी वारदात सामने आई, जब भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोरंजन कालिया के घर पर ग्रेनेड से हमला किया गया। हमला जालंधर के शास्त्री मार्केट चौक के पास स्थित उनके आवास पर हुआ। बताया जा रहा है कि रात करीब 1:03 से 1:07 बजे के बीच, ई-रिक्शा में सवार तीन हमलावर कालिया के घर पहुंचे और ग्रेनेड फेंककर फरार हो गए। इस धमाके से घर के आंगन में काफी नुकसान हुआ है, लेकिन सौभाग्यवश किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। हमले के वक्त कालिया अपने परिवार, बहन और बच्चों के साथ घर में ही मौजूद थे। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि हमलावरों ने सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आने के बावजूद इस वारदात को अंजाम दिया। महज 50 मीटर की दूरी पर पीसीआर टीम मौजूद थी और 100 मीटर दूर डिवीजन नंबर-3 थाना स्थित है, इसके बावजूद हमलावर बेखौफ होकर भाग निकले। पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की छानबीन शुरू कर दी गई है। पूर्व मंत्री कालिया ने बताया, ह्नरात को गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई दी, शुरू में लगा जैसे कुछ गिरा हो, बाद में गनमैन ने बताया कि ग्रेनेड फेंका गया है। सीसीटीवी जांच में साफ दिखा कि हमलावर ई-रिक्शा से आया और ग्रेनेड का लीवर निकाल कर घर के अंदर फेंक दिया। पूर्व मंत्री को पंजाब सरकार की ओर से चार गनमैन की सुरक्षा मिली हुई है, जिनमें से उनके सुरक्षा प्रभारी निशान सिंह ने हमले के बाद तत्काल प्रतिक्रिया दी और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान में जुटी है ।

# भारत आएगा मुंबई हमले का आरोपी, अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की अर्जी



**नई दिल्ली:** मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अब भारत प्रत्यर्पित किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने राणा की वो अर्जी खारिज कर दी है, जिसमें उसने अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की थी। यह फैसला सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित एक नोटिस के जरिए सामने आया। 64 साल का तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। वह वो वर्तमान में लॉस एंजेलिस स्थित मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। राणा ने 27 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस ऐलेना कगन के सामने एक आपातकालीन याचिका दाखिल की थी, जिसमें उसने ;हैबियस कॉर्पस याचिका की सुनवाई तक प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि, पिछले महीने जस्टिस कगन ने राणा की यह याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद राणा ने अपनी याचिका को फिर से पेश किया और मांग की कि इसे मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के समक्ष भेजा जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने राणा की याचिका को चार अप्रैल, 2025 की कॉन्फ्रेंस के लिए सूचीबद्ध किया और उसे कोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्णय लिया। सोमवार को अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित नोटिस में कहा गया कि अर्जी कोर्ट द्वारा खारिज कर दी गई है। इस फैसले के बाद अब अमेरिका में राणा के पास कानूनी विकल्प बेहद सीमित रह गए हैं और भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रि को आगे बढ़ाया जा सकता है। गौरतलब है कि तहव्वुर राणा, 2008 के मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं में से एक है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, राणा ने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने में मदद की थी।

# बांग्लादेश भारत के खिलाफ एक और साजिश, चीन को पोर्ट सौंपा, पाकिस्तान के साथ बना रहा एयरबेस






**एजेंसी/ ढाका:** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डिवेलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपए) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है।

इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है, ताकि वे पाकिस्तानी जेएफ-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। अब यूनुस की पार्टी एनसीपी खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है।

चीन और पाकिस्तान की मौजूदगी भारत के लिए खतराः चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ये सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं।

## देश की स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू मेंः खडगे



**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने केंद्र सरकार पर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदहाल करने का आरोप लगाया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक 2 मिनट 8 सेकंड का वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर यह जानना जरूरी है कि आखिर किस तरह मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया है। इस वीडियो की शुरूआत में लिखा गया है, दवाई, इलाज पर महंगाई की भाजपाई गोली। इस वीडियो में मल्लिकार्जुन खडगे ने दावा किया है कि महंगे इलाज और कम सरकारी खर्च के आंकड़े सरकार के काम की गवाही दे रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया गया है कि पांच साल से देश की चिकित्सा मुद्रास्फीति 14 फीसदी रही, जिससे इलाज कराने का खर्च अधिक बढ़ गया। एक साल में ही अस्पताल में होने वाले खर्च में 11.35 फीसदी की बढ़त हुई है, जिनमें एंजियोप्लास्टी का खर्च दोगुना और किडनी ट्रांस्प्लांट का खर्च तीन गुना हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत स्वास्थ्य के लिए जीडीपी का 2.5 फीसदी खर्च होना था, लेकिन मोदी सरकार ने केवल 1.84 फीसदी ही खर्च किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट पिछले पांच वर्षों में 42 फीसदी कम हो गया है।

### दिल्ली सरकार की नई ईवी पॉलिसी

## हर घर में तीसरी कार होगी इलेक्ट्रिक पेट्रोल बाइक और सीएनजी ऑटो होंगे बंद





**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को बढ़ावा देने के मकसद से ईवी पॉलिसी 2.0 का ड्राफ्ट तैयार किया है। इस पॉलिसी के लागू होते ही दिल्ली की सड़कों से सीएनजी ऑटो, पेट्रोल-डीजल बाइक और थ्री-व्हीलर मालवाहक वाहन धीरे-धीरे गायब हो जाएंगे।

ड्राफ्ट के अनुसार, 15 अगस्त 2024 से दिल्ली में नए सीएनजी ऑटो रिक्शा के रजिस्ट्रेशन पर रोक लग जाएगी। साथ ही मौजूदा सीएनजी ऑटो के परमिट भी रिन्यू नहीं होंगे। इनके बदले सिर्फ ई-ऑटो को परमिट जारी किया जाएगा। पॉलिसी में ये भी कहा गया है कि आने वाले समय में 10 साल से पुराने उठॠ ऑटो या तो पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे या उन्हें बैटरी से चलने लायक बनाया जाएगा।

ड्राफ्ट में सिफारिश की गई है कि 15 अगस्त 2026 से दिल्ली में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी से चलने वाले टू-व्हीलर्स की बिक्री और रजिस्ट्रेशन बंद कर दिए जाएंगे। वहीं 15 अगस्त 2025 से डीजल-पेट्रोल चालित थ्री-व्हीलर मालवाहक गाड़ियों के नए रजिस्ट्रेशन की भी इजाजत नहीं दी जाएगी। सरकार की योजना है कि उळ्ळउ और उक्रच्ळर की पब्लिक ट्रांसपोर्ट बसें भी धीरे-धीरे पूरी तरह इलेक्ट्रिक हो जाएं। शहर के अंदर सिर्फ ई-बसें चलेंगी जबकि इंटर-स्टेट सेवाओं के लिए बीएस-4 बसें ही खरीदी जाएंगी।

सबसे बड़ा बदलाव निजी कार खरीदने वालों के लिए है। जिनके पास पहले से दो गाड़ियां हैं, वे अब तीसरी कार पेट्रोल, डीजल या उठॠ में नहीं खरीद पाएंगे। ऐसी स्थिति में केवल इलेक्ट्रिक कार खरीदने की अनुमति होगी। यह नियम एश पॉलिसी 2.0 की अधिसूचना के साथ लागू होगा। दिल्ली सरकार का कहना है कि यह पॉलिसी राजधानी की वायु गुणवत्ता सुधारने और इलेक्ट्रिक वाहनों को जनजीवन में पूरी तरह शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जल्द ही इस पॉलिसी को अंतिम रूप देकर लागू किया जाएगा।

# टैरिफ हंगामे के बीच संभले एशियाई बाजार, जापान के निकेइ 225 शेयर सूचकांक में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी




**बैंकॉक :** टैरिफ वॉर के बीच सोमवार को दुनियाभर के बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। हालांकि मंगलवार को तस्वीर बदली नजर आई और एशियाई बाजारों में बढ़ोतरी देखी गई। जापान का निकेइ 225 शेयर सूचकांक एक दिन पहले 8 प्रतिशत गिरा, लेकिन मंगलवार को इसमें 5.5 प्रतिशत की तेजी देखी गई। सोमवार को एशियाई बाजारों में भारी गिरावट आई। हांगकांग के शेयरों में 13.2% की गिरावट आई, जो एशियाई वित्तीय संकट के दौरान 1997 के बाद सबसे खराब दिन रहा।

**मंगलवार को संभले एशियाई बाजारः** राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दुनिया के कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने के एलान के बाद सोमवार को अमेरिका समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट आई। अमेरिकी शेयर बाजार भी धड़ाम हुआ। वहीं मंगलवार को जापान के टोक्यो में बाजार खुलने के आधे घंटे बाद निकेइ 225 बढ़त के साथ 32,819.08 अंक पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में भी 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाजारों में भी तेजी देखी गई।

सोमवार को भारी गिरावट से खुले थे बाजारः सोमवार को एसएंडपी 500 में 0.2% की गिरावट आई। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 349 अंक या 0.9% की गिरावट आई, और नैस्डैक कंपोजिट में 0.1% की बढ़त दर्ज की गई। तीनों इंडेक्स में दिन की शुरूआत भारी गिरावट से हुई। इसके बाद दुनिया के अन्य हिस्सों में भी गिरावट के बाद डॉव जोंस में 1,700 अंकों तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बाद में इसमें लगभग 900 अंकों की बढ़त हुई। इस बीच, एसएंडपी 500 4.7% की गिरावट से 3.4% की उछाल पर पहुंच गया, जो बीते कई वर्षों में इसकी सबसे बड़ी उछाल है।

इस उठा-पटक के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें ट्रंप ने लिखा कि चीन ने अमेरिका पर जो 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, अगर उसे 24 घंटे में नहीं हटाया तो चीन पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। इससे अमेरिका और चीन में ट्रेड वार रुकने के आसार नहीं नजर आ रहे हैं और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ना तय है।

## भारत सहित 14 देशों का वीजा रोका, हज से पहले सऊदी अरब ने लगाई बड़ी पाबंदी, नियम तोड़ने पर एंट्री बैन



**एजेंयी/ रियादः** बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए सऊदी अरब ने भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थायी है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है, वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा चार जून से नौ जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। वीजा रद्द करने के फैसले की तीन वजहें सामने आई हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी स रकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिकारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी।

भीड़ नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। वहीं 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जनता दरबार में डीसी ने सुनी समस्या



**सिमडेगा :** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने, भूमि विवाद, सड़क चौड़ीकरण में गलत रैयत को मुआवजा मिलने, साउथ अफ्रीका के गुनिया इकोटो रियल में कार्य कर रहे मजदूरों को घर वापस लाने, पेयजल जल आपूर्ति कराने सहित अन्य विषय से संबंधित मामले आये। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

### हापामुनी एवं दिरगांव पंचायत में अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम का दौरा



**गुमला :** गुमला प्रखंड अंतर्गत हापामुनी ग्राम में आज अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा, उनके कानूनी सलाहकार शुभाशीष सोरेन एवं अनुसंधान पदाधिकारी द्वारा अमरजीत भगत एवं उनकी पत्नी से मुलाकात कर वार्ता की गई ( अमरजीत भगत के साथ थाना में हुए मार पीट के विवाद के मामले को संज्ञान में लेते हुए आशा लकड़ा के द्वारा उनसे मुलाकात की गई।) । इसके पश्चात टीम द्वारा विमरला पंचायत के वीरोपानी में आदिम जनजाति समुदाय के समूह तथा विमला दिरगांव के ग्रामीणों के साथ जनसंवाद किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में आदिम जनजाति समुदाय ने मुख्य रूप से सड़क निर्माण एवं पेयजल की गंभीर समस्या को उठाया। साथ ही अन्य ग्रामीणों ने क्षेत्र में हाई स्कूल की आवश्यकता जताई। दिरगांव पंचायत की महिलाओं द्वारा एंबुलेंस सेवा की मांग भी की गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से महिलाओं के लिए सिकल सेल एवं एनीमिया की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, विमरला एवं दिरगांव पंचायतों के मुखिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने सिंदूरदान कर मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई

**चाईबासा :** चैत्र नवरात्र पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा व चक्रधरपुर में मां दुर्गा की पूजा श्रद्धा व उल्लास के साथ की गई। पंडालों में स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमा का सोमवार को विसर्जन किया गया। चक्रधरपुर के पंडित हाता स्थित शिवशक्ति चैती दुर्गा पूजा पंडाल व टाउन काली मंदिर में सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूरदान कर नम आंखों से विदाई दी। महिलाओं ने एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके अलावा चक्रधरपुर के बंगाली एसोसिएशन माता दुर्गा मंदिर, प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित दुर्गा मंदिर व अन्य स्थानों पर पूजा पंडालों में महिलाओं ने सिंदूरदान कर माता को प्रसाद चढ़ाया। पंडित हाता शिव मंदिर व टाउन काली मंदिर से सोमवार की शाम शोभायात्रा निकालकार प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। इससे पहले दोपहर में पूजा पंडालों से घट विसर्जन यात्रा निकालकर स्थानीय पुरानी बस्ती छठ नदी घाट व थाना रोड स्थित मुक्तिनाथ महादेव घाट में विसर्जन किया गया।

### सुबह चार बजे तक चला रामनवमी अखाड़ों का झंडा विसर्जन

**जमशेदपुर :** सोमवार को देर से शुरू हुई रामनवमी अखाड़ों के महावीरी झंडे के विसर्जन की वजह से मंगलवार की सुबह तक इसका सिलसिला चलता रहा। धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार सोनारी घाट पर तड़के चार बजे तक विसर्जन के लिए मौजूद थीं। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी चंद्रजीत सिंह, सुदिप्त राज, जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी और पुलिस अफसर वहां अंतिम विसर्जन तक मौजूद रहे।

### डिमना के एमजीएम में ओपीडी का समय बदलने से लौटे दर्जनों मरीज

**जमशेदपुर :** एमजीएम मेडिकल कॉलेज स्थित नए अस्पताल में ओपीडी का समय बदलने से मरीज परेशान मंगलवार दोपहर 12 बजे दर्जनों मरीज की पर्ची नहीं बन सकी। इससे मरीज मायूस हो कर लौट गए । बताया जाता है कि पहले एमजीएम के नए अस्पताल में ओपीडी सुबह 9 से अपराह्न 3 बजे तक चलती थी। लेकिन सोमवार से समय बदलकर सुबह 8 से 12 बजे और शाम में 3 से 5 बजे कर दिया गया है। पर्ची नहीं बनने से नाराज मरीज ने कहा कि साकची के अस्पताल की तर्ज पर डिमना के अस्पताल का भी टाइम टेबल होना चाहिए था।

### फ्लैट में पड़ा मिला डीएवी कुसुंडा के शिक्षक का शव

**धनबाद :** डीएवी कुसुंडा के शिक्षक तपन सरकार (59 वर्ष) का शव धनबाद के हीरापुर स्थित फ्लैट में पड़ा मिला। घटना रविवार देर शाम की है। तपन सरकार हीरापुर जेसी मल्लिक रोड स्थित आस्था अपार्टमेंट के फ्लैट में अकेले रहते थे। उनकी पत्नी कोलकाता में रहती हैं। जबकि बेटी हैदराबाद में रहती है। बेटी की सूचना पर धनबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बेटी की उपस्थिति में फ्लैट का दरवाजा तोड़ा गया, तो तपन सरकार कमरे में बिस्तर पर मृत पड़े थे।

बताया गया कि शिक्षक फ्लैट में अकेले रहते थे और बाहर से खाना मंगाकर खाते थे। रविवार की शाम जब पुलिस पहुंची, तो फ्लैट के दरवाजे पर उनका खाना टंगा हुआ था। संभवतः रोज की तरह खाना लाने वाला खाना दरवाजे के पास टांगकर चला गया होगा। मिली जानकारी के अनुसार, उनकी बेटी ने कई बार फोन किया, लेकिन तपन सरकार ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उसने अपार्टमेंट के सेक्रेटरी को फोन कर फ्लैट में भेजा, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। तब बेटी ने इसकी सूचना पुलिस को दी और खुद भी फ्लैट में पहुंची। बेटी के सामने ही पुलिस ने गेट का दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाने पर तपन सरकार कमरे में बिस्तर पर मृत पड़े थे।

#### भरनो अंचल कार्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# लंबित मामलों के निष्पादन एवं आमजनों की समस्याओं के ससमय समाधान का दिया निर्देश



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला में आम जनता को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा आज अंचल कार्यालय,भरनो का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में उपायुक्त द्वारा अंचल कार्यालय में संचालित कार्यों की गहन व विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त गुमला ने कार्यालय कक्ष में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज,सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में उत्तरदायित्व पूर्ण एवं ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। लंबित मामलों का भी त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए दाखिल खारिज के लंबित आवेदन ,भूमि सीमांकन, दर निर्धारण, जाति, आवासीय एवं आय सर्टिफिकेट से संबंधित मामले एवं अन्य मामलों का निष्पादन निर्धारित समय पर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी दाखिल खारिज या सर्टिफिकेट से सम्बंधित आवेदन को बिना किसी कारण लंबित न रखे, प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। यदि आवेदकों के पर्याप्त दस्तावेज नहीं है, तो आवश्यक रूप से कारण लिखते हुए निर्णय लें। किसी भी परिस्थिति में बिना कारण बताए मामलों को रिजेक्ट नहीं करें।

उपायुक्त ने आम जनता को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। इस दौरान उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में उपस्थित नागरिकों से भी बातचीत की और उनके समस्याओं को सुनकर, समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता शैलेन्द्र बड़ाईक, एलआरडीसी राजीव कुमार ,अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, आईटी मैनेजर राजीव रौशन, लिपिक विष्णु चरण भगत एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए पेयजल से जुड़े समस्याओं का 24 घंटे में करे निदान

### पेयजल से जुड़े समस्याओं का निदान के लिए शिकायत नियंत्रण कक्ष को पूर्ण रूप सक्रिय रखने का निर्देश

**बिनय मिश्रा**



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने जिले बढ़ते गर्मी के प्रभाव को देखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत पेयजलापूर्ति व्यवस्था और पेयजल स्रोतों को सुदृढ़ व दुरुस्त करने के उद्देश्य से सभी प्रखंडो के प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर आयुक्त, नगर परिषद क्षेत्र, देवघर व मधुपुर अनुमंडल के कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपायुक्त विशाल सागर ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि जल संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सामूहिक प्रयास से ही जल संकट से बचा जा सकता है। इसके अलावा उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि गर्मी के दिनों में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही पेयजल समस्या के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार करे, ताकि आमजन पेयजल व विद्युत से जुड़े समस्याओं की सूचना दे सकें और उसका त्वरित निराकरण किया जा सके। साथ ही पेयजल व विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के समाधान हेतु बनाए गए कॉल सेंटर में आने वाली समस्याओं का लगातार निराकरण करने का निर्देश नगर निगम, नगर परिषद, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल देवघर व मधुपर के कार्यपालक अभियंता को दिया। आगे उपायुक्त ने चापाकलों, सोलर हाउसपंप, अन्य जलस्त्रोत की मरम्मत हेतु संबंधित चिन्हित मद के उपयोग का निर्देश अधिकारियों को दिया हैं।

## सेल में 100 माह बाद भी वेज रीविजन अधूरा

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**बोकारो :** बीएसएल समेत सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया) की सभी यूनिटों के कर्मचारियों का अधूरा वेतन समझौता हुए 100 माह हो गए हैं. 21–22 अक्टूबर 2021 को एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन कर किसी तरह इंटक, एचएमएस व एटक के नेताओं के हस्ताक्षर से वेज रीविजन का मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग किया गया. दूसरी महारत्ना कंपनियों तथा सेल अधिकारियों के मुकाबले 2 प्रतिशत कम एमजीबी व 8.5% कम पर्क्स प्रतिशत पर समझौता किया गया. उसके बाद तीन साल 6 माह बीत जाने के बाद भी न तो 39 माह के एरियर पर समझौता किया गया, न ही पर्क्स के एरियर पर कोई बात की गई. जबकि सेल अधिकिरियों को एक अप्रैल 2020 से पर्क्स को प्रभावी कर उसका 19 माह का एरियर दिया गया.

कर्मचारियों की मानें, तो एनजेसीएस में 25 में से 20 गैरनिर्वाचित व बाहरी नेताओं के दम पर ही सेल मैनेजमेंट मनमानी कर रहा है. जिसके लिए बीएसएल अनाधिशाषी कर्मचारी संघ बोकारो ने दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया है. वहीं, फुल एनजेसीएस मीटिंग आयोजित हुए भी 15 माह से अधिक समय हो गया है. अंतीम फुल एनजेसीएस मीटिंग 20 जनवरी 2024 को हुई थी.

सेल कर्मियों के अटके मुद्दे

अधिकारियों व दूसरी महारत्ना कंपनियों की तर्ज पर 15% एमजीबी व 35% पर्क्स के लिए एमओए समझौता, 39 माह का फिटमेंट एरियर व 58 माह के पर्क्स एरियर का भुगतान, इंसेंटिव रिवार्ड में संशोधन और उसका एरियर, हाउस पर्क्युजिट में अधिकिरियों की तर्ज पर 50% आयकर छूट, ग्रेड व कलस्टर वाइज सम्मानजनक पदनाम, एस-11 ग्रेड में अटके वरिष्ठ कर्मचारियों को स्टैगेनेशन इंक्रिमेंट की सुविधा, छूट्टियों में एकरूपता कर 15 सीएल, 30 ईएल व 7 आरएच सहित होली, दिवाली, दशहरा, दुगार्पुजा, ईद, गुरुनानक जयंती, क्रिसमस, मई दिवस, अंबेडकर जयंती को पेड होलीडेज घोषित करना, एनजेसीएस में सिर्फ सेक्रेट बैलेट इलेक्शन से निर्वाचित रिकॉगनाइज्ड ट्रेड यूनियन नेता को ही सदस्य बनाना, एनजेसीएस स्तर पर वेलफेयर कमेटी बनाना व एनजेसीएस मीटिंग का वार्षिक कैलेंडर बनाना लंबित है.

## धार्मिक आयोजन हमारे जीवन को समृद्ध करने का माध्यम है : अनीता

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**बालूमाथ :** पंच दिवसीय हनुमत महायज्ञ नगडा बसिया बालूमाथ में आयोजित किया गया। जल यात्रा पंचांग पूजन मंडप प्रवेश के बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी एक पावन धार्मिक आयोजन के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह न केवल हमारे धार्मिक जीवन को समृद्ध करने का माध्यम है, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक भी है। ऐसे आयोजनों से हमें अपने धर्म और संस्कृति की गहराइयों को जानने का अवसर मिलता है। यह समय होता है आत्मचिंतन, प्रार्थना और आध्यात्मिक उन्नति का।

धार्मिक आयोजन समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं और जीवन में शांति व संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। भक्ति, सेवा, और समर्पण जैसे भाव यहां जागृत होते हैं, जो हमें एक बेहतर इंसान बनने की ओर प्रेरित करते हैं। जब हम सामूहिक रूप से भजन, कीर्तन, प्रवचन या पूजा में भाग लेते हैं, तो एक विशेष ऊर्जा और सकारात्मकता का अनुभव होता है।

अंत में, मैं सभी आयोजकों और सहयोगियों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। आइए, हम सभी इस धार्मिक आयोजन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को और अधिक सुंदर और सार्थक बनाएं। मौके पर हनुमंत महायज्ञ पूजा के अध्यक्ष शंकर साहू ,

तिलकधारी साव कोषाध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद मुख्य संरक्षक , राजेश साहू मीडिया प्रभारी तथा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, सुनील आर्य उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने हनुमंत महायज्ञ पूजा निगरानी समिति तथा संरक्षक को भगवा टी-शर्ट देकर सम्मानित किये। तथा सभी को महायज्ञ का प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### बागबेड़ा क्षेत्र में टैंकरों से पानी की सप्लाई शुरू

**जमशेदपुर :** सांसद विद्युत वरण महतो के सहयोग से बागबेड़ा क्षेत्र में मंगलवार से टैंकरों से पानी की सप्लाई शुरू हो गई है। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा की देखरेख में टाटा स्टील के टैंकरों से जलापूर्ति पहले से चल रही है। उन्होंने जिला प्रशासन, जन प्रतिनिधियों और कारपोरेट घरानों से जल संकट से जूझ रहे बागबेड़ा वासियों के लिए प्रतिदिन 30 टैंकर पानी की मांग की है। यहां तारापोर, जुस्को, टाटा स्टील अर्बन सर्विसेज के माध्यम से पहले से टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

## श्री श्री मां जगदंबे आदिशक्ति दुर्गा पूजा धूमधाम से संपन्न हुई

### मां जगदंबे आदिशक्ति की विसर्जन जुलूस चैती दुर्गा पूजा का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में हुआ सफल

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**गुमला :** नवरात्रा महाचैती दुर्गा पूजा संपन्न, जिला मुख्यालय स्थित छठ तालाब सिसई रोड़ गुमला में मां दुर्गा की प्रतिमा का किया गया विसर्जन, जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध माता शीतला मंदिर परिसर में श्री श्री चैती दुर्गा पूजा समिति ज्योति संघ रोड गुमला और आध्या शक्ति श्री श्री चैती दुर्गा पूजा समिति पालकोट रोड गुमला में श्री श्री चैती दुर्गा पूजा स्थापित कर पूरे जिला मुख्यालय का माहौल भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया था , और श्री श्री माता दुर्गा की महाआरती घंटा , घड़ियाल , शंखनाद से उत्पन्न भक्तिमय माहौल एवं माता रानी महादुर्गे से संबंधित भक्तिमय गीतों और जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजेमान हों रहा था, और चैती नवरात्रा में अपने अपने घरों में सनातन हिंदू धर्मलंबियों द्वारा पूरे भक्ति-भाव से मातारानी के श्रद्धालु भक्तों द्वारा स्थापित , मातारानी आदिशक्ति , मां जगदंबे दुर्गे की चैती नवरात्रा में कलश स्थापित कर सुबह - शायं महाआरती , पूजा अर्चना के द्वारा भक्तों के मन मस्तिष्कको में उत्साह - उमंग का संचार उत्पन्न कर पूरा माहौल भक्तिमय हो चुका था और आज एकाएक श्री श्री चैती दुर्गावती , माता शक्ति दुर्गा की विदाई की बेला आने पर समस्त सनातनी हिन्दू धर्मलम्बीयों ने अपनी अश्रुपूरित नेत्रों से माता आदिशक्ति की विदाई की गई , इस विदाई समारोह के अवसर पर , मां जगदम्बे आदिशक्ति दुर्गे की प्रतिमाओं का नगर भ्रमण का विशाल जुलूस निकाला गया जो जिला मुख्यालय स्थित समस्त प्रमुख मार्गो से होता हुआ , सिसई रोड गुमला स्थित छठ तालाब में मां आदिशक्तिदुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया , जिला मुख्यालय गुमला में आध्या शक्ति श्री श्री चैती दुर्गा पूजा समिति पालकोट रोड गुमला के अध्यक्ष दुर्जय पासवान ने बताया की आध्या शक्ति श्री श्री चैती दुर्गा पूजा समिति पालकोट रोड़ गुमला का जिला मुख्यालय क्षेत्रों में आबादी और क्षेत्र बढ़ाने के कारण इसी वर्ष 2025 में सनातनी हिन्दू धर्मलम्बीयों की विशेष आग्रह पर श्री श्री चैती माता आदिशक्ति की पूजा अर्चना का शुभारंभ किया गया है , अगले वर्ष और भी काफी धूमधाम से और उत्साह एवं उमंग से मां दुर्गे की पूजा -अर्चना की जायेगी , चैती दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस को लेकर जिला प्रशासन के उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस प्रशासन के गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने समस्त जिला मुख्यालय के चौक चौराहा और समस्त संवेदनशील क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट एवं सशस्त्र (महिला - पुरूष) पुलिस बल की तैनाती की गई थी , सभी सशस्त्र पुलिस बल अपने-अपने ड्यूटी पर तैनात थे , उपयुक्त गुमला करण सत्यार्थी एवं पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने समय-समय पर विशेष खैरियत रिपोर्ट लेते रहे और आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुयें, जिला मुख्यालय में स्वयं गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी और गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह, निर्धारित स्थानों पर भ्रमण कियें , श्री श्री चैती मां दुर्गा आदिशक्ति माताजगदंबे की नगर भ्रमण जुलूस के दौरान भक्ति में गीतों और जय माता दी आदि नारों से पूरा जिला मुख्यालय का क्षेत्र गंजेमान होता रहा , इस अवसर पर जगह जगह पर मातारानी आदिशक्ति दुर्गे की पूजा अर्चना करते हुए , आरती उतारी गई और जुलूस में उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया , चैती दुर्गावती की विसर्जन जुलूस को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन काफी अलर्ट और चौकस रही , किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी , और विशेष कर उक्त सामाजिक तत्वों को यह खुली चेतावनी थी कि जो भी शख्स उक्त विसर्जन जुलूस के दौरान ,अगर माहौल खराब करने की मंशा रखते हैं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी भी कर ली गई थी।